

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 138

ग्वालियर, शनिवार, 5 फरवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## सीएम योगी ने गोरखपुर से भरा पर्चा अमित शाह रहे मौजूद

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन कर दिया है। गोरखपुर कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर-24 में सीएम के पर्चा भरने के दौरान वहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इसके पहले दोनों नेताओं ने एमपी इंटर कालेज मैदान पर एक सभा को सम्बोधित किया। इस सभा में अमित शाह ने कहा कि यूपी में बीजेपी एक बार फिर 300 सीटों के आंकड़े को पार कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। सीएम के नामांकन के बाद अमित शाह, सीएम योगी संग गोरखनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गए। अमित शाह और सीएम योगी का गोरखपुर में घर-घर जनसम्पर्क का कार्यक्रम था। बताया जा रहा था कि दोनों नेता कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भी शामिल होंगे लेकिन बताया जा रहा है मौसम खराब होने की अमित शाह के आगे के कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नामांकन से पहले एमपी इंटर कालेज मैदान में एक सभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यूपी में एक बार फिर बीजेपी के लिए 300 पार की हुंकार भरी। अमित शाह ने कहा कि 2014, 2017 और 2019 तीनों चुनाव में प्रदेश की जनता ने



मोदी जी के नेतृत्व में यूपी के विकास का रास्ता तैयार कर प्रचंड बहुमत दिया। आज सीएम योगी के नामांकन भरने के साथ ही फिर से एक बार बीजेपी यहां से 300 पार के संकल्प के साथ प्रदेश में आगे बढ़ रही है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि जब 2013 में उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया तो यहां पार्टी की स्थिति ठीक नहीं थी। दिल्ली के पत्रकार कहते थे कि डबल डिजिट में नही आएंगे। लेकिन 2017 में हम 373 सीट लेकर आए। इस बार भी 300 पार जाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का उत्तर प्रदेश के प्रति अनुराग और सीएम योगी आदित्यनाथ की कर्मठता के चलते यूपी की तस्वीर बदल रही है। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को माफियाओं से मुक्त कराया। अब माफियाओं के लिए तीन ही स्थान हैं। या तो वे जेल में हैं या प्रदेश के बाहर या सपा की सूची में दिखाई देते हैं। अमित शाह ने कहा कि यूपी में पहले पुलिस अपराधियों से डरती थी। आज माफिया खुद ही थाने पहुंचकर सरेंडर कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश से सांसद हैं। उन्होंने कहा कि जब तक देश की सबसे बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश का विकास नहीं होता तब तक भारत का विकास नहीं होगा।

### स्मृति ईरानी का आरोप: भाजपा मंदिर बनवा रही है अरविंद केजरीवाल खोल रहे शराब की दुकानें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने शराब की दुकानें खोलीं



जो यह सिद्ध करता है कि लाभ के लिए वह किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। मैं सभी से पूछना चाहती हूं कि एक बहन की कल्पना कीजिए जो शराब की दुकान के पास से जा रही हो और सुरक्षा, सम्मान की उम्मीद करती हो। उसके संघर्ष के लिए केजरीवाल जिम्मेदार हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि भाजपा मंदिर का निर्माण करवा रही है और केजरीवाल सरकार शराब की दुकानें खोल रही है। तिलक नगर में आपको दो गुरुद्वारों के बीच में शराब की दुकान मिल जाएगी। धर्म की एक गरिमा होती है जिसका केजरीवाल सरकार उल्लंघन कर रही है और इसके बाद वह नशा मुक्त पंजाब का वादा कर रही है।

### महंगाई पर सफाई- आलू-टमाटर और प्याज की कीमतें बढ़ने-घटने पर केंद्र सरकार ने झाड़ा पल्ला, कहा- मौसम से तय होते हैं दाम

**नई दिल्ली।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि टमाटर, प्याज और आलू की की उपज की कीमतों में उतार-चढ़ाव मौसमी परिस्थितियों समेत अन्य कई



कारकों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि इन कारकों में इन उपजों का गैर पारंपरिक इलाकों से आना, फसल बुवाई के तरीके में मौसम के अनुसार बदलाव, अगले रबी या खरीफ मौसम से फसल की जल्दी आवक और पिछले सीजन की फसल के अवशेष आदि शामिल हैं। संसद में चल रहे बजट सत्र के दौरान मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ऑपरेशन ग्रीन्स (ओजी) के अल्पकालिक हस्तक्षेप के तहत फसल के मौसम में अधिसूचित फलों और सब्जियों के लिए परिवहन और भंडारण में 50 फीसदी सब्सिडी देता है। इससे किसानों के साथट-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी कीमतों में स्थिरता लाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू की वर्तमान कीमतों पर निगरानी के लिए मंत्रालय मार्केट इंटेलिजेंस एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम पोर्टल की देखरेख भी कर रहा है। यह काम भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नाफेड) के जरिए किया जा रहा है और इसी के अनुसार राज्यों के संबंधित विभागों को कम कीमत के अलर्ट समय समय पर भेजे जाते हैं।

PM मोदी ने स्कपर साधा निशाना, कहा

## नकली समाजवादियों से रहें सावधान

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव को बीजेपी बहुत गंभीरता से ले रही है। यहां की लड़ाई ना सिर्फ अपने गढ़ को बचाये रखने के लिए है, बल्कि भविष्य के लिए जनता के मूड भांपने का भी मौका है। इसलिए अपने पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से चुनाव प्रचार में उतर चुके हैं। पीएम मोदी ने आज जनचौपाल कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पांच जिले मेरठ, गाजियाबद, अलीगढ़, हापुड़ और नोएडा की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को वर्चुअल रैली के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। उन्होंने सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी को निशाना बनाया और जनता से फर्जी समाजवादियों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ये फर्जी समाजवादी मौके की ताक में बैठे हैं और सत्ता मिलते ही फिर से पुरानी लूट-पाट की व्यवस्था कायम हो जाएगी। आजादी के बाद यूपी ने अनेक



चुनाव देखे हैं, अनेक सरकारें बनती-बिगड़ती देखी हैं। लेकिन ये चुनाव सबसे अलग है। ये चुनाव सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की पहचान को बनाए रखने के लिए है। ये चुनाव हिस्ट्री शीटर्स को बाहर रखने और नई हिस्ट्री बनाने के लिए है। मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने ये मन बना लिया है कि दंगाइयों, माफियाओं को पर्दे के पीछे रहकर के प्रदेश की सत्ता हथियाने नहीं देंगे। 5 साल पहले तक ये माफियावादी केंद्र की योजनाओं का लाभ यूपी के गरीब, दलित, पिछड़े तक नहीं पहुंचने देते थे। केंद्र की योजनाओं में उनकी मनमानी नहीं चलती थी, भ्रष्टाचार नहीं चलता था इसलिए ये उन योजनाओं में ब्रेक लगाकर रखते थे। ये मध्यम वर्ग की जेब पर डाका डालकर रियल एस्टेट माफिया को दे देंगे। नोएडा-गाजियाबाद के लोगों से बेहतर इन्हें कौन जानता है? राशन माफिया से लेकर कमीशन माफिया तक, ठेका माफिया से लेकर खनन माफिया तक, नकली समाजवादी, फिर पुराने अवतार में आने के लिए तैयार बैठे हैं।

अगर इन्हें मौका मिल गया तो किसानों को मिल रही हज़ारों करोड़ की मदद ये परिवारवादी नकली समाजवादी बंद करा देंगे। किसानों के बैंक अकाउंट में जो स्क्कका पैसा जा रहा है, ये नकली समाजवादी उसे रोक देंगे। कोरोना काल में जो मुफ्त राशन मिल रहा है, ये नकली समाजवादी आपको भूखा छोड़ेंगे। आज यूपी में कोरोना वैक्सीन की पहली डोज शत-प्रतिशत लोगों को लग चुकी है. 70त्न से अधिक लोगों को दूसरी डोज भी लग चुकी है।

### रामानुजाचार्य, जिनकी 216 फुट ऊंची प्रतिमा लगाने जा रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान की 50 वीं वर्षगांठ समारोह की शुरुआत करने के लिए हैदराबाद जाएंगे। इस दौरान पीएम 216 फुट ऊंची स्टैचू ऑफ इक्वैलिटी का भी अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, 216 फुट ऊंची स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी 11वीं सदी के भक्ति संत श्री रामानुजाचार्य की याद में बनाई गई है, जिन्होंने जीवन के सभी पहलुओं में समानता के विचार को बढ़ावा दिया। यह मूर्ति पंचलोहा से बनी है। पांच धातुओं में सोना, चांदी, तांबा, पीतल और जस्ता का संयोजन है। आपको बता दें कि प्रतिमा का उद्घाटन 12-दिवसीय श्री रामानुज सहस्त्रब्दी समारोह का एक हिस्सा है। पीएमओ ने कहा, यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री आईसीआरआईएसएटी की 50 वीं वर्षगांठ समारोह की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री पौध संरक्षण पर की जलवायु परिवर्तन अनुसंधान सुविधा और की रैपिड जनरेशन एडवांसमेंट सुविधा का भी उद्घाटन करेंगे।

### एमएसपी पर विधानसभा चुनावों के बाद सरकार बनाएगी कमेटी: कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनावों के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कमेटी बनाने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा को बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद एमएसपी पर एक समिति की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। तोमर ने कहा कि सरकार ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एमएसपी पर समिति की घोषणा के संबंध में चुनाव आयोग (ईसी) को लिखा था। मंत्री के मुताबिक, चुनाव आयोग ने सलाह दी है कि एमएसपी पर कमेटी की घोषणा राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा था कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। तोमर ने कहा, पूरा देश जानता है कि



प्रधानमंत्री ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और एमएसपी को प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है। मामला मंत्रालय के विचाराधीन है और समिति की घोषणा विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिए सात चरणों में... 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को मतदान होगा। पंजाब, गोवा और उत्तराखंड में एक ही दिन 14 फरवरी को वोटिंग होगी। मणिपुर में 27 फरवरी और 3 मार्च को दो चरणों में चुनाव होंगे।

### खास खबर

#### राज कुंद्रा ने पत्नी शिल्पा शेट्टी के नाम उनके 5 फ्लैट ट्रांसफर किए

**मुंबई।** बिजनेसमैन राज कुंद्रा ने हाल ही में अपनी पत्नी शिल्पा शेट्टी के नाम उनके 5 फ्लैट ट्रांसफर किए हैं। इन फ्लैट्स की कीमत करीब



38.5 करोड़ रुपये है।मिली जानकारी के अनुसार राज कुंद्रा ने शिल्पा के नाम पर फ्लैट किया है। गौरतलब राज कुंद्रा को पिछले साल पोर्नोग्राफी मामले में गिरफ्तार किया गया था। बता दें, राज कुंद्रा का असली नाम रिपु सूदन कुंद्रा है और उन्होंने बंगले 'किनारा का फर्स्ट फ्लोर शिल्पा के नाम किया है, इस फ्लोर में 5 फ्लैट हैं। राज और शिल्पा इस समय अपने 'किनारा' नाम के बंगले में ही रह रहे हैं। कपल का ये बंगला मुंबई के जुहू इलाके के गांधीग्राम रोड पर स्थित है। ये बंगला पूरे 5,995 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। डॉक्यूमेंट के अनुसार शिल्पा शेट्टी ने फ्लैट को ट्रांसफर करने के लिए 1.9 करोड़ स्टांप ड्यूटी चुकाई है और ये ट्रांजैक्शन 21 जनवरी 2022 को किया गया था। वहीं जुहू इलाके के ब्रोकर्स का कहना है कि ये ट्रांसफर मार्केट वैल्यू के मुताबिक हुआ है। इस इलाके में करीब 65,000 रुपये स्क्वायर फीट की वैल्यू चलती है। शिल्पा और राज का ये बंगला समुद्र तट सिर्फ 300 मीटर की दूरी पर ही स्थित है। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने 22 नवंबर 2009 को शादी की थी। कुछ समय पहले कपल अक्सर साथ देखा जाता था, जिससे दोनों हमेशा ही सुर्खियों में बने रहते थे। वहीं राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी केस के बाद शिल्पा शेट्टी पति राज के साथ काफी समय से कोई फोटो शेयर करती नजर नहीं आई हैं।

#### अखिलेश यादव और जयंत चौधरी के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ ग्रेटर नोएडा के दादरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में अखिलेश के साथ ही रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी का भी नाम है। गुरुवार को अखिलेश और जयंता अपनी रथयात्रा के साथ यहां पहुंचे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर इस दौरान पटाखे भी फोड़े गए। अधिकारियों की मानें तो अखिलेश-जयंत का काफिला रात करीब दस बजे टीएनटी पहुंचा था। इस दौरान भीड़ के कारण कोविड नियमों का उल्लंघन किया गया। यहां रात्रिकालीन कर्फ्यू भी लागू है। इसके साथ ही धारा 144 के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। अखिलेश-जयंत के साथ ही यहां से प्रत्याशी राकुमार राय को नामजद और करीब तीन से चार सौ अज्ञात लोगों को एफआईआर में शामिल किया गया है। बताया जाता है कि जिला प्रशासन से रात आठ बजे तक का ही परमिशन मिला था। जिला प्रशासन से डोर टू डोर प्रचार की इजाजत ली गई थी लेकिन उसके बाद भी रथयात्रा और भारी भीड़ का जमावड़ा किया गया।

#### मोदी सरकार का फैसला, ओवैसी जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने मुस्लिम नेता एवं हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो द्वारा जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि ओवैसी की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीआरपीएफ कमांडो तैनात रहने वाले हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय हापुड़ में उनकी कार पर कथित रूप से गोली चलाए जाने की घटना के बाद आया है। ओवैसी वेस्ट यूपी में चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। ओवैसी ने निर्वाचन आयोग से घटना की स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा था कि इस घटना में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### गांधी परिवार से खुली बगावत पर उतरे सिद्धू, कहा टॉप पर बैठे लोग चाहते हैं कठपुतली सीएम



**चंडीगढ़।** कांग्रेस में पंजाब के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर घमासान जारी है। इस लड़ाई में सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू आमने-सामने हैं। सिद्धू गांधी परिवार के खिलाफ खुली बगावत के मूड में दिख रहे हैं। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में ऊपर बैठे लोगों को कठपुतली सीएम चाहिए।

सिद्धू ने कहा नया पंजाब बनाना मुख्यमंत्री के हाथों में है। इस बार आपको मुख्यमंत्री चुनना है। उन्होंने जनता से सवाल किया कि शीर्ष पर बैठे लोग राज्य में कमजोर मुख्यमंत्री चाहते हैं जो उनकी धुन पर नाच सके। क्या आप ऐसा सीएम चाहते हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिद्धू ने कहा मुझे तो आप लोगों से एक बात कहनी है कि यदि नया पंजाब बनाना है तो वह मुख्यमंत्री के ही हाथ में है। यदि आप ईमानदार सीएम चुनेंगे तो फिर वह ईमानदारी नीचे तक जाएगी। आप लोगों ने देखा ही है कि पिछले 25-30 सालों में कैसे दो मुख्यमंत्रियों ने पंजाब का बेड़ागर्क किया है। ऊपर वाले तो चाहते हैं कि कोई कमजोर मुख्यमंत्री हो, जिसे वो ता थैया, ता थैया नचा सकें और कहें कि नाच मेरी बुलबुल तुझे पैसा मिलेगा। कहां कद्रदान फिर ऐसा मिलेगा। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपना चेहरा घोषित करेगी। अपने पंजाब दौरे के दौरान राहुल गांधी ने यह बात कही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मौजूदा मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को कांग्रेस मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के सर्वे में चन्नी सबसे आगे चल रहे हैं, यह बात नवजोत सिंह सिद्धू को असहज कर रही है। राहुल गांधी के ऐलान के बाद कांग्रेस पार्टी पंजाब में सीएम कैंडिडेट के लिए सर्वे करा रही है। इस सर्वे में कांग्रेस ने प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं, सांसदों और विधायकों से राय जानने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर दो ही नामों पर तेजी से चर्चा चल रही थी। सूत्रों का कहना है कि नवजोत सिंह सिद्धू को इस मामले में वरीयता नहीं दी जाएगी। पंजाब में सीएम कैंडिडेट की घोषणा करने की मांग चरणजीत सिंह चन्नी और नवजोत सिंह सिद्धू, दोनों ने की है।

### जुमला फॉर इंडिया, जॉब्स फॉर चाइना, राहुल गांधी का हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने फिर बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि,जुमला फॉर इंडिया, जॉब्स फॉर चाइना... मोदी सरकार ने संगठित क्षेत्र और एमएसएमई को तबाह कर दिया है, जहां सबसे ज्यादा नौकरियां पैदा होती हैं। नतीजा मेक इन इंडिया अब बाय फ्रॉम चाइना हो गया है।÷ राहुल ने वाडियो शेयर किया, जिसमें चीन से आयात को लेकर आंकड़े दिए गए हैं। इसके मुताबिक, 2014 के बाद से चीन से आयात कैसे तेजी से बढ़ता चला गया। 2021 में चीन से इंपोर्ट में रिकॉर्ड 46 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई। अब भारत में बेरोजगारी ने सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। इसके बाद राहुल गांधी का संसद में दिया



भाषण शुरू होता है, जिसमें वहां बेरोजगारी की बात कर रहे हैं। राहुल कहते हैं कि पिछले साल तीन करोड़ युवाओं को रोजगार गंवाना पड़ा है। बीते 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी देश में आज है। इस सरकार ने असंगठित क्षेत्र और छोटे कारोबारों पर आक्रमण किया।नोटबंदी और गलत तरीके से जीएसटी लागू कर आक्रमण किया।असंगठित क्षेत्र में मेक इन इंडिया लागू हो ही नहीं सकता है, इस क्षेत्र को बर्बाद कर दिया गया है। बात दें कि राहुल गांधी संसद में आरोप लगाया था, संप्रग सरकार ने 10 साल में 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला था, लेकिन इस सरकार ने 23 करोड़ लोगों को गरीबी में पहुंचा दिया। उन्होंने दो उद्योगपतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना के समय कई वैरिएंट आते हैं, लेकिन 'डबल ए' वैरिएंट है, जो देश की अर्थव्यवस्था में बढ़ रहा है। मुझे बड़े उद्योगों से कोई दिक्कत नहीं है,उन पर ध्यान दीजिए, लेकिन इसका अहसास करिए कि ये बड़े उद्योग रोजगार पैदा नहीं कर सकते। छोटे और मझौले उद्योग ही युवाओं के लिए नौकरियां पैदा कर सकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के केशवां इलाके में एक वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया, जिसके बाद वह खाई में गिर गया। बयान के अनुसार, वाहन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि छठे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया छह मृतकों में अब्दुल लतीफ (42), अब्दुल रहमान (29), अता मुहम्मद (22), इनाम (45), मुहम्मद अरखाम (29) और जमीर (18) शामिल हैं।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया और शशि थरूर के बीच हिंदी को लेकर नोकझोंक

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से डीएमके नेता वेलुस्वामी पी. ने सवाल पूछा। सवाल इंग्लिश में था।सवाल यह था कि क्या उड़ान स्कीम के तहत मोदी सरकार पलानी को एयरपोर्ट देगी, ताकि हिंदू तीर्थ यात्रियों को सुविधा मिल सके सिंधिया ने इसका जवाब हिंदी में दिया।इस पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मंत्री इंग्लिश और हिंदी दोनों में बोल सकते हैं, चूंकि सवाल तमिलनाडु के सांसद ने पूछा है, इसकारण जवाब इंग्लिश में दिया जाना चाहिए। इस पर सिंधिया ने कहा कि हिंदी में प्रॉब्लम क्या है? यहां ट्रांसलेटर्स हैं, यह बहुत ही हैरानी वाली बात है।इस पर डीएमके के दयानिधि मारन ने थरूर को याद दिलाया कि सिंधिया ने अब बीजेपी जॉइन कर ली है। टीआरएस सांसद के. केशव राव ने तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव के उस बयान को दोहराया, जिसमें उन्?होंने मौजूदा सरकार के कार्यकाल में सेक्युलरिज्म के लिए खतरा बताया,तब कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भड़क उठे और बोले कि अगर टीआरएस संविधान में बदलाव करना चाहती है,तब कांग्रेस सबसे पहले पार्टी होगी जो विरोध में खड़ी होगी।



## न्यूज़ ट्रैक....

### रणजी सत्र 10 फरवरी से शुरू होगा

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 10 फरवरी से 15 मार्च तक खेला जाएगा। वहीं दूसरा चरण आईपीएल के बाद 30 मई से 26 जून तक होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने राज्य इकाइयों को यह जानकारी दी। यह सबसे छोटे प्रथम श्रेणी सत्र में से एक होगा जिसमें अधिकांश टीम को केवल तीन मैच खेलने को मिलेंगे। इसका मतलब हुआ कि ग्रुप लीग चरण से बाहर होने वाली टीम को बढ़ी हुई मैच फीस का अधिक लाभ नहीं मिलेगा। इसमें चार-चार टीम के आठ एलीट ग्रुप बनाए जाएंगे जबकि बाकी बची छह टीम को प्लेट डिविजन में जगह मिलेगी। टूर्नामेंट के दौरान 62 दिन में 64 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले चरण में 57 मैच होंगे। वहीं दूसरे चरण में सात नॉकआउट मैच होंगे जिसमें चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमीफाइनल और फाइनल होगा। एलीट ग्रुप के मैच राजकोट, कटक, चेन्नई, अहमदाबाद, त्रिवेंद्रम, दिल्ली, हरियाणा और गुवाहाटी में खेले जाएंगे। प्लेट लीग मैच कोलकाता में खेले जाएंगे।

### लेवर कप टेनिस में युगल जोडीदार के तौर पर उतरेंगे फेडरर और नडाल


**लंदन** । स्विटजरलैंड के अनुभवी खिलाड़ी रोजर फेडरर और स्पेन के रफेल नडाल दोनों लेवर कप टेनिस टूर्नामेंट के अगले चरण में युगल मुकाबला खेलते हुए नजर आ सकते हैं। फेडरर घुटने की सर्जरी के बाद से ही पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं, वहीं नडाल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। दोनों ने ही एक संयुक्त बयान में कहा है कि वे लंदन में 23 से 25 सितंबर तक टीम यूरोप का प्रतिनिधित्व करेंगे। फेडरर ने कहा कि मैं इस साल के अंत में इस प्रतियोगिता के जरिये वापसी की योजना बना रहा हूं। साथ ही कहा कि नडाल ने पिछले साल उन्हें सुझाव दिया था कि वे फिर से लेवर कप में एक साथ युगल खेल सकते हैं। 2017 में पहले लेवर कप के दौरान इन दोनों की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की थी। नडाल ने कहा कि अगर हम एक बार फिर से कोर्ट पर युगल जोड़ी के तौर पर उतरने हैं तो यह हमारे करियर के इस चरण पर एक शानदार अनुभव होगा। यह लेवर कप का पांचवां चरण होगा।

### स्केटबोर्डिंग और स्पोर्टस क्लाइंबिंग लास एंजिल्स ओलंपिक में शामिल

**बीजिंग** । 2028 लास एंजिल्स ओलंपिक के लिए स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और 'स्पोर्टस क्लाइंबिंग को आधिकारिक रूप से शामिल कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने इन खेलों को शामिल करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले दिसंबर में आईओसी ने 28 खेलों की शुरूआती सूची पर सहमति व्यक्त की थी जिसके बाद इन खेलों को शामिल किए जाने की उम्मीद हो गयी थी। आयोजकों ने इन तीन खेलों के शामिल किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। वहीं आईओसी भी दर्शकों को आकर्षित करने के लिए लोकप्रिय स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने की नीति पर चल रही है।

# चीन ने बीजिंग में होने वाली विंटर ओलंपिक को चीन ने बनाया टार्च बियरर

**नई दिल्ली**। साम्राज्यवादी सोच के कारण दुनिया के लिए मुसीबतें पैदा करने वाला चीन अब खेल में भी अपनी सोच लेकर उतर आया है। गलवान में पिछले साल भारत और चीन के सैनिकों में झड़प हुई थी। चीन ने उस वाकये में घायल हुए अपने एक सैनिक को 4 फरवरी से शुरू हो रहे बीजिंग विंटर ओलिंपिक में टॉर्च बियरर बना दिया है। भारत ने इसका विरोध जताया है और विंटर ओलिंपिक का डिप्लोमैटिक वहिष्कार करने का फैसला किया है। पूरा घटनाक्रम अफसोसनाक है लेकिन यह जानना भी जरूरी है कि खेल में राजनीति की दखल पहली बार नहीं हुई है। क्रिकेट से लेकर ओलिंपिक तक पहले भी इससे प्रभावित होते रहे हैं। चलिए जानते हैं कब और क्यों ऐसा हुआ।




### 15 साल से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट का आयोजन नहीं

भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट संबंध दोनों देशों की राजनीति तय करती है। भारत ने साफ कह दिया कि आतंकवाद और क्रिकेट एक साथ नहीं चल सकते हैं। इस कारण 2007 के बाद से दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं हुई है। दोनों टीमें सिर्फ द्वृष्टष्ट इवेंट्स में आमने-सामने होती हैं। इससे पहले 1989 से 2004 के बीच भारतीय टीम ने हालात तनावपूर्ण होने के कारण पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था।

### 1972 ओलिंपिक में इजराइल की टीम पर आतंकी हमला

भारत-पाकिस्तान की तरह इजराइल-फिलिस्तीन कॉनफ्लिक्ट ने भी खेलों पर असर डाला है। 1972 में जर्मनी के शहर म्यूनिख में आयोजित हुए समर ओलिंपिक के दौरान ब्लैक सेपटेंबर नाम के आतंकी समूह ने खेल गांव में इजराइल की टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में 11 इजराइली एथलीट मारे गए। रेस्क्यू ऑपरेशन की कोशिश के दौरान 8 में से 5 आतंकी वहीं मार दिए गए। इजराइल ने बाकी आतंकियों को बाद में मार गिराया। हालांकि, इसके बावजूद खेल जारी रहे।

### 1980 में अमेरिकी ब्लॉक ने किया मास्को ओलिंपिक का बायकॉट

1980 समर ओलिंपिक का आयोजन सोवियत संघ की राजधानी मास्को में हुआ। वह कोल्ड वार का पीक टाइम था। अमेरिकी ने अफगानिस्तान में सोवियत संघ के दखल के विरोध में इस ओलिंपिक का बहिष्कार कर दिया। उस समय अमेरिकी ब्लॉक में शामिल अन्य देशों ने भी इस ओलिंपिक का बहिष्कार कर दिया। इसमें पाकिस्तान भी शामिल था। इसी ओलिंपिक में भारत ने अपना आठवां और आखिरी गोल्ड मेडल जीता था।

# देश में ही होगा आईपीएल टूर्नामेंट : गांगुली

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों का आयोजन देश में ही हो। गांगुली ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के मामले अब कम हो रहे हैं, इसलिए अब इस टी20 लीग के आयोजन में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये। वहीं कुछ समय पहले तक संक्रमण अधिक था , इसलिए कहा जा रहा था कि इस बार भी इसका आयोजन यूएई या किसी अन्य देश में हो सकता है। बहरहाल अब उन सभी अटकलों पर विराम लग गया है। गांगुली ने कहा, 'इस



साल टी20 लीग का आयोजन भारत में ही किया जाएगा। साथ ही कहा कि मुंबई और पुणे में मैचों के आयोजन की योजना है हालांकि अभी नॉकआउट मैचों के स्थल पर फैसला नहीं हुआ है। यह भी हो सकता है कि नॉकआउट मुकाबले अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली ने यह भी कहा है कि आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के दौरान इस साल महिला आईपीएल का भी आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ब? पैमाने पर यह आयोजन होगा। मालूम हो कि अभी महिला टी20 चैलेंज में सिर्फ 3 टीमें उतरती हैं और उनके बीच 4 मुकाबले होते हैं। पुरुष टीमों के आईपीएल में इस बार 8 की जगह 10 टीमें रहेंगी और इसके लिए मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलूर में आयोजित की जाएगी।

## किसी भी टीम से खेलने तैयार हैं चहल

**मुम्बई** । लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए होने वाले मेगा नीलामी में जो भी टीम अधिक रकम देकर उन्हें खरीदेगी वह



उसके साथ जाएंगे। चहल ने हालांकि कहा कि वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलना चाहते हैं क्योंकि वह लंबे समय तक इसमें रहे हैं। चहल 2014 से आरसीबी टीम में शामिल थे पर इस बार आईपीएल 2022 मेगा नीलामी से पहले उन्हें फ्रेंचाइजी ने बरकरार नहीं रखा है। चहल ने कहा कि आरसीबी के साथ आठ साल तक का उनका साथ अच्छा रहा है पर अब इन बातों का कोई मतलब नहीं है।

## धवन ने कोरोना संक्रमित होने के बाद शेयर की तस्वीर

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कोरोना संक्रमित होने के बाद अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया में शेयर की है। इस पर धवन के प्रशंसकों ने उनके शीघ्र ठीक होने की कामना की है। धवन के अलावा भारतीय टीम के तीन अन्य खिलाड़ी भी संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही सहयोगी स्टाफ के 4 सदस्य भी कोरोना संक्रमित हुए हैं।






# लॉकडाउन ने हमें समझाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म कितना अहम है : अदिति राव हैदरी



अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने पिछले साल मलयालम फिल्म सूफियम सुजातायम से डिजिटल डेब्यू किया था और फिर वे नानी स्टारर तेलुगु एक्शन फिल्म फ्लिक वी में भी नजर आईं। एक बार फिर अदिति ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही हैं। इस बार वे बॉलीवुड फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन में परिणीति चोपड़ा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। ओटीटी को लेकर अदिति ने कहा, ओटीटी का अनुभव मैंने साल 2020 में लिया, जब मेरी 2 फिल्में ओटीटी प्लेटफार्मों पर रिलीज हुईं। इस अहसास ने मेरी आंखों में आंसू ला दिए थे कि कैसे एक क्लिक करके लोग मेरी फिल्में देख रहे हैं। उस समय लोगों को कहानियों और कंटेंट की जरूरत थी। थिएटर की बात करें तो मुझे उनसे प्यार है। हम सब थिएटर में फिल्में देखकर ही बड़े हुए हैं। वहां फिल्में देखने का अलग रोमांच है। अदिति का मानना है कि ओटीटी प्लेटकफॉर्म को इतना अहम बनाने में लॉकडाउन का योगदान है। वह कहती हैं, मुझे लगता है कि लॉकडाउन ने हमें ओटीटी प्लेटफार्म की अहमियत समझाई हैं। लॉकडाउन के दौरान ये हमारे सबसे अच्छे दोस्त रहे हैं। आज मैं विश्वास से कह सकती हूं कि अब इस बात से फर्क नहीं पड़ता है कि आपकी फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है। बल्कि फिल्म की कहानी और कंटेंट महत्व रखता है। उस फिल्म को बनानें में कितना समय दिया गया।

## मैं स्क्रीन पर एक जैसे रोल और लुक में नजर नहीं आना चाहती : वाणी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर की 3 फिल्में आने वाली हैं लेकिन वह चाहती हैं कि जब भी उनकी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हों, वे खुद को हर बार नए अवतार में पेश करें। वाणी शमशेरा में रणवीर कपूर के साथ, बेल-बॉटम में अक्षय कुमार के साथ और चंडीगढ़ करे आशिकी में आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी। उनका कहना है कि वह ऐसी अभिनेत्री नहीं बनना चाहती हैं जो हमेशा एक जैसे रोल या एक जैसे लुक में स्क्रीन पर नजर आएं। वाणी ने कहा, एक अभिनेत्री के तौर पर मैं हर तरह के रोल में हाथ आजमाना चाहती हूं और मैं खुशनसीब हूं कि इस साल मेरे पास ऐसी फिल्में हैं, जो बड़े पैमाने पर लोगों का मनोरंजन करेंगी और मुझे अलग-अलग अंदाज में दिखाएंगी। मैं अपने करियर में हर तरह की शैली की फिल्मों में अभिनय करना चाहती हूं और जब भी संभव हो रिस्क लेना चाहती हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं जितना संभव हो अभिनय की दुनिया में डुबकी लगाकर खुद में नई-नई चीजें खोजना चाहती हूं। मैं हमेशा ऐसी फिल्में लेने की कोशिश करती हूं जो मुझे कुछ रोचक करने और स्क्रीन पर अपनी पहचान छोड़ने में मदद करे। मैं साल 2021 को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

## ऑल्ट बालाजी के बैनर तले फिर आए कुंज आनंद, वेब शो क्रैश में दिखेंगे

कुंज आनंद अपनी भूमिकाओं से यह साबित करते हैं कि वह वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा अभिनेता हैं। ऑल्ट बालाजी के दो शोज डार्क 7 व्हाइट और नवीनतम पेशकश क्रैश का वह हिस्सा हैं। उन्होंने डार्क 7 व्हाइट में कुश की भूमिका निभाई है, जो एक हत्या का संदिग्ध है और क्रैश में वह डार्क 7 व्हाइट के बिल्कुल विपरीत एक समर्पित पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं, जो अपने खोए हुए या बिछड़े हुए भाई-बहनों को खोजने के मिशन पर हैं। कुंज आनंद ने दोनों भूमिकाओं में असाधारण तरीके से काम किया है। जो वास्तव में सराहनीय है। एक शो में एक हत्या के संदिग्ध की भूमिका निभाने से लेकर, दूसरे शो में एक पुलिस वाले के किरदार को निभाने तक, यह अब तक के सबसे अच्छे बदलावों में से एक है। दो भूमिकाओं की तुलना दो समानांतर रेखाओं से की जा सकती है, क्योंकि वे किसी भी रूप में एक दूसरे किरदार पर हावी नहीं होते हैं, जो उन्हें और सराहनीय बनाता है। सिर्फ 21 दिनों के अंतराल में, उन्होंने मानसिक और शारीरिक रूप से कुश से कबीर में खुद को तब्दील कर लिया। फिर चाहे 11 किलो तक वजन बढ़ाना हो या अपने पुलिस के किरदार को बखूबी तौर पर निभाने के लिए गहन शोध करना हो, कुंज ने सबकुछ किया, जो उनके अभिनय को समर्पण को दर्शाता है। कुंज आनंद ने कहा, मैं एक के बाद एक इन दो विपरीत चरित्रों को निभाते हुए बेहद खुश था, केवल एक ही प्रकार की भूमिका करते हुए आप टाइपकास्ट होने लगते हैं, जो कभी -कभी एक अभिनेता के विकास को बाधित करता है। इन दोनों भूमिकाओं को करने से निस्संदेह मुझे एक अभिनेता के रूप में विकसित होने में मदद मिली है। वेब सीरीज क्रैश इस महीने की शुरूआत में अपनी रिलीज के साथ ही लोगों का ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहा है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में निभाएंगे शाहिद कपूर



बॉलीवुड के गलियारों में हर दिन कई जबरदस्त फिल्मो को लेकर काफी चर्चा समाने आती ही रहित है। आने वाले कुछ वक्त में बॉलीवुड में कई जबरदस्त प्रोजेक्ट्स पर फिल्म बनाते हुए नज़र आने वाली है। वही बॉलीवुड के दमदार कलाकरो में से एक शाहिद कपूर भी कई जबरदस्त प्रोजेक्टस में काम करते हुए नज़र आने वाले है। पिछले कुछ सालो से शाहिद कई जबरदस्त फिल्मो में काम कर चुके है। वही एक बार फिर शाहिद कपूर को लेकर काफी जबरदस्त बज बन गया है। हाल ही में शाहिद ने फिल्म जर्सी की शूटिंग ख़त्म की है। वही अब एक बड़े प्रोजेक्ट में नज़र आ सकते है। वह एक पीरियड फिल्म में हिस्सा बनते हुए नज़र आने वाली है। खबरों की माने तो शाहिद कपूर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाते हुए नज़र आने वाले है। वही बताया जा रहा है फिल्म निर्माता अश्विन वर्दे ने इस प्रोजेक्ट पर काम करना का मन बना लिया है। वही इस फिल्म के चलते उन्होंने साउथ के बड़े प्रोडशन हाउस के साथ हाथ मिला लिए है। ये फिल्म शाहिद के करियर के लिए बहुत मह्त्वपूण होने वाली है। कुछ वक्त पहले शाहिद संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में काम करते हुए नज़र आए थे। शाहिद की को इस किरदार किरदार में देखने को लेकर आप कितने उत्साहित है निचे कमेंट कर के जरूर बताए।

# द इम्मोर्टल अश्वत्थामा की तैयारी में लगे विक्की कौशल

द इम्मोर्टल अश्वत्थामा की तैयारी में लगे विक्की कौशल अभिनेता विक्की कौशल अगामी फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा की तैयारी में व्यस्त हैं। इसके अलावा उनकी आने वाली फिल्मों में सरदार उधम सिंह और तख्त जैसी फिल्में शामिल हैं। बता दें कि विक्की कौशल ने साल 2015 में फिल्म मसान से डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्हें उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, संजू, मसान, राजी जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

अभिनेता विक्की कौशल अगामी फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा की तैयारी में व्यस्त हैं। इसके अलावा उनकी आने वाली फिल्मों में सरदार उधम सिंह और तख्त जैसी फिल्में



शामिल हैं। बता दें कि विक्की कौशल ने साल 2015 में फिल्म मसान से डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्हें उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, संजू, मसान, राजी जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है। विक्की और भूमि पेडनेकर की फिल्म भूत-पार्ट वनः द हॉन्टेड शिप के लिए भी उन्हें सराहना मिली थी। विक्की ने अपनी फिल्म भूत-पार्ट वनः द हॉन्टेड शिप को लेकर अपने अनुभव बयां किए हैं। विक्की ने इस फिल्म के सेट से कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसके कैप्शन में लिखा कि काफी डरावना साल रहा। भूत द हॉन्टेड शिप 1 ईयर। खबर है कि विक्की कौशल को यह भूतिया फिल्म साइन करने से पहले हॉरर ड्रामा पसंद नहीं था। उन्होंने कहा था कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं।

## वेब शो देव डीडी 2 की शूटिंग के दौरान रूमाना को लगी चोट, शूट जारी रखा

ऑल्ट बालाजी का शो देव डीडी 2 बहुप्रतीक्षित शो में से एक है। दर्शक शो का तबसे इंतजार कर रहे हैं, जबसे पहले सीजन का फिनाले एपिसोड आया था। ऑल्ट बालाजी के देव डीडी2 की शूटिंग के दौरान खूबसूरत रूमाना मोला, जो कि शो में राधा के किरदार में हैं। वह चोटिल हो गई थीं। लेकिन उन्होंने इसके बावजूद अपनी शूटिंग को जारी रखा। दरअसल, उन्होंने इस शो के लिए कुछ फाइट सीचेंस किए हैं और इसी दौरान जब वह एक्शन कर रही थीं, तब उन्हें चोट लग गई थी। एक सीन की शूटिंग के दौरान महिलाओं को एक घर से बाहर निकाला जा रहा होता है। इसी शूट के दौरान एक साथी कलाकार से गलती से कैमरा हिल जाता है, जिसमें कैमरा फ्लैप पर उन्हे अपना सिर मारना होता है, और इस क्रम में उसके माथे पर चोट आ जाती है। रूमाना ने पूरी शूटिंग, अपने सिर पर पट्टी बांध कर की, जिसे बाद में एडिट करके हटाया गया। यह जो दुर्घटना हुई और इसके बावजूद जिस तरह से रूमाना ने अपना काम पूरा किया, बिना रुके हुए, इससे साफ पता चलता है कि रूमाना भी शो की लीड किरदार देविका से किसी भी लिहाज में कम दिलेर नहीं हैं। खास बात यह रही कि इस शो के कास्ट और क्रू ने उनकी पूरी मदद की और उनके इस काम को और आसान बनाया। शो में राधा का किरदार निभा रहीं रूमाना मोला ने कहा, मेरे लिए यह पूरी तरह से अलग अनुभव था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यह कर पाऊंगी। लेकिन जिस तरह से मुझे इस शो में प्यार मिला है और मेरे किरदार को पसंद किया गया है, उन सबकी वजह ने मुझे प्रेरित किया कि मैं यह सब कर पा रही हूं और मुझे खुशी है कि मैंने जैसा सोचा था।

# जान्हवी कपूर के बैकलेस टॉप को देखकर उड़ गए हर किसी के होश



सोशल मीडिया पर हर दिन कई जबरदस्त फोटोशूट वायरल होते ही रहते है। वही बॉलीवुड की तस्वीरें सोशल मीडिया ओर काफी चर्चा में रहती है। इसी कड़ी में बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक जान्हवी कपूर भी काफी चर्चा में रहती है। हाल ही में जान्हवी कपूर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी तस्वीरें शेयर किया है। इन दिनों जान्हवी कपूर अपनी फिल्म रूही को लेकर काफी चर्चा में है। इसी बिच जान्हवी में अब एक जबरदस्त फोटोशूट शेयर किया है। इस फोटशूट में जान्हवी ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है। सिल्वर बैकलेस टॉप के साथ पिंक ट्राउजर्स में जान्हवी का लुक काफी जबरदस्त नज़र आ रहे है। इस दौरान जान्हवी काफी जबरदस्त लुक में नज़र आ रही है। जान्हवी की इन तस्वीरों में इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। इस दौरान जान्हवी ने न्यूड मेकअप कर रहा है। इस दौरान जान्हवी अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नज़र आ रही है। जान्हवी का ये अवतार देखकर हर किसी के होश उड़ गए है। वही इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान भी जान्हवी इस ड्रेस में नज़र आए। जान्हवी का ये फोटोशूट सोशल मीडिया पर काफी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। जान्हवी के फैन्स जमकर उनकी तस्वीरों पर कमेंट कर करते हुए नज़र आ रहे है। आपको जान्हवी का ये जबरदस्त फोटोशूट कैसा लगा निचे कमेंट कर के जरूर बताए।

# पानी की कमी होने पर शरीर देने लगता है ये संकेत, भूलकर भी न करें नजरअंदाज...



मानव शरीर का लगभग 75 फीसदी हिस्सा पानी से बना होता है, ऐसे में एक स्वस्थ शरीर के लिए रोजाना 8-9 गिलास पानी का सेवन बहुत जरूरी हो जाता है। अगर आप रोजाना 8 से 9 गिलास पानी नहीं पीते हैं तो ऐसा मुमकिन है कि आपके शरीर में पानी की कमी होने लगे और जब शरीर में पानी की कमी होने लगती है तो इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। ऐसे में बहुत से लोग यह सोच रहे होंगे कि जब शरीर में पानी की कमी होगी तो हमें कैसे पता चलेगा। जब हमारे शरीर में पानी की कमी होने लगती है तो हमारा शरीर कुछ संकेत देता है, जरूरत होती है तो इन संकेतों को पहचानने की। तो चलिए जानते हैं...

**थकानः** थकान व चिड़चिड़ापन शरीर में पानी की कमी की ओर संकते करते हैं। आपको बता दें कि रक्त व शरीर में मौजूद अन्य फ्लूइड्स में प्रमुख रूप से पानी होता है। ऐसे में जब शरीर में पानी की कमी होती है तो रक्त गाढ़ा हो जाता है, जिसके कारण ह्रदय को ऑक्सिजन व अन्य पोषक तत्वों को शरीर में सर्कुलेट करने के लिए ज़्यादा ऊर्जा ख़र्च करनी पड़ती है और शरीर थका हुआ महसूस करता है। इसलिए यदि आप बिना किसी कारण दिनभर थका हुआ महसूस करते हैं तो ज़्यादा पानी पीना शुरू कर दीजिए।

**पेशाब का रंगः** पेशाब के रंग से आप अपने स्वास्थ्य का सही अंदाज लगा सकते हैं। जब हमारे शरीर में पानी की कमी होती है तो इसके बहुत सारे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। अगर पेशाब करने के दौरान आपके पेशाब का रंग पीला है और इस दौरान आपको हल्की जलन भी होती है तो इसका सीधा मतलब यह है कि आपके शरीर में पानी की कमी हो गई है, इससे बचने के लिए आपको थोड़ी-थोड़ी देर में एक गिलास पानी पीना चाहिए। एक स्वस्थ शरीर के लिए रोजाना 4 से 5 लीटर पानी का सेवन बहुत जरूरी होता है।

**मुंह से बदबू आनाः** जब हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है तो अक्सर हमारे मुंह से बदबू आने लगती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पानी की कमी होने पर मुंह में लार काफी कम मात्रा में बनती है।

## अगर प्याज काटते समय आपकी आंखों से भी आते हैं आंसू तो फॉलो करें ये आसान टिप्स

आकर आपने देखा होगा की प्याज काटते वक्त लोगों की आंखों में आंसू आ जाते हैं, जो कि बहुत ही कॉमन बात है। हालांकि, लोगों को इसकी असल वजह पता नहीं होती कि आखिर क्यूं प्याज काटते वक्त आंसू निकलते हैं दरअसल, प्याज काटने के समय एक केमिकल रिएक्शन होता है और उससे गैस निकलती है। जब ये गैस पानी के



संपर्क में आती है तो एसिड में बदल जाती है। इसकी वजह से आंखों में जलन होने लगती है। यही जलन फिर आंसू का रूप ले लेती है। कई बार प्याज काटने पर आंखों से आंसू निकलने लगते हैं, जिससे आपके खाने का मजा किरकिरा हो जाता है। लेकिन अगर आप कुछ किचन हैक्स अपनाते हैं तो आपकी आंखों में आंसू कभी नहीं आएंगे और आप प्याज का लुत्फ मजे से उठा सकते हैं। आइए जानते हैं कि आखिर कौन से वो टिप्स हैं, जिनकी मदद आप ले सकते हैं

**प्याज काटने के आसान टिप्सः** प्याज को ठंडा करना है जरूरीः प्याज को काटने से पहले उसका छिलका हटाने के बाद आधे घंटे के लिए उसे पानी में डुबोकर रख दें। फिर इसे काटें तो आपकी आंखों से आंसू नहीं निकलेंगे।

**विनेगर का करें इस्तेमालः** प्याज को छीलकर कुछ देर के लिए विनेगर और पानी में डुबोकर रख दें। फिर काटें तो आंसू नहीं आएंगे।

**फ्रिज की भी है अहमियतः** प्याज को छीलकर फ्रिज में रख दें। उसके बाद अगर आप प्याज को काटते हैं तो उससे आपकी आंखों में आंसू नहीं आएंगे।

## चीन का झूठ

भारत-चीन के बीच जून 2020 में हुई गलवान झड़प में लगातार झूठ बोले रहे चीन का सच सामने आ गया है। गलवान में चीन को भारी नुकसान हुआ था। ऑस्ट्रेलिया की न्यूज साइट द क्लैक्सन ने अपनी एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में चीन के 38 सैनिक मारे गए थे। चीन गलवान में अपने चार सैनिक मारे जाने की बात ही कबूली थी। रिपोर्ट में सामने आया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के कई सिपाही झड़प वाली रात को गलवान नदी की तेज धार में बह गए थे। चीन अब तक अपनी सेना के नुकसान को छिपाता रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने गलवान का सच छिपाने के लिए दो अलग-अलग घटनाओं को आपस में जोड़कर पेश किया। चीन ने गलवान में मारे गए उसके सैनिकों की सही संख्या कभी नहीं बताई और झड़प में मारे गए कुल 4 सैनिकों को पिछले साल मेडल देने का ऐलान किया। दूसरों की जमीन पर कब्जा करने वाला देश चीन की विस्तारवादी नीयत का सच सामने आने के बाद भारत आक्रामक हो गया है। इससे पहले चीन ने अपने झूठ को विस्तार देने पिछले दिनों अपने सैनिकों की झंडा लिए तस्वीर जारी की, जिसमें दावा किया गया था कि चीन अब पूरी तरह से गलवान में जम गया है। मगर अगले ही दिन भारतीय सेना ने उसका झूठ दुनिया को दिखा दिया। गलवान में अभी की स्थिति देखें तो भारत फ्रंटफुट पर है और चीन आगे बढने़ की ताक में हैं। सिर्फ गलवान ही नहीं भारत को परेशान करने के लिए चीन काफी समय से एजेंडा चला रहा है। गलवान के बाद उसने अरुणाचल प्रदेश में मोर्चा खोल दिया है। अपना पुराना रवैया दोहराते हुए चीन ने कहा है कि तिब्बत के दक्षिणी हिस्से- जंगनान क्षेत्र जो कि भारत का अरुणाचल प्रदेश है, को लेकर उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अरुणाचल प्रदेश को कोई मान्यता नहीं देता। हाल में यह विवाद तब उठा जब अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले में सरी चू नदी के पास एक छोटा गांव बसा देने की चीनी साजिश का खुलासा हुआ। पिछले एक साल में चीन ने जिस गुपचुप तरीके से इस गांव को बसा लिया, वह उसकी पड़ोसी देशों की जमीन हड़पने की नीति का प्रमाण है। हकीकत यह है कि सुबनसिरी जिले का यह इलाका वास्तविक नियंत्रण रेखा से सटा है और भारत के हिस्से में पड़ता है। लेकिन चीन ने इस पर कब्जा कर रखा है और इसे विवादित क्षेत्र बना रखा है। ऐसे में सवाल यह है कि अगर इलाका विवादित है भी, तो फिर वह क्यों यहां अवैध निर्माण कर अशांति पैदा कर रहा है। यह इलाका सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से बहुत ही संवेदनशील है और यहां किसी भी तरह की चीनी गतिविधि उकसावे वाली कार्रवाई से कम नहीं है। जाहिर है, चीन भारत को घेरने के लिए नए रास्ते तलाश रहा है। चीन का सारा जोर भारत से लगी साढ़े चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा पर जगह-जगह ऐसे निर्माण करना है जिससे सीमाई इलाकों में उसकी पहुंच आसान हो सके। इसीलिए अरुणाचल से लेकर डोकलाम और गलवान तक वह भारतीय सीमा क्षेत्र में पडने़ वाले इलाकों पर कब्जा करता जा रहा है और इन इलाकों को विवादित बना रहा है ताकि भारत इन इलाकों में अपनी पहुंच न बना सके। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद कोई नया तो है नहीं। चीन चाहता भी नहीं है कि सीमा विवाद कभी सुलझे। अगर एक बार सीमा विवाद सुलझ गया तो उसके विस्तारवादी मंसूबे पूरे कैसे होंगे! चीन का भारत के साथ ही नहीं, अपने सभी पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद है और हर देश के भू-भाग को उसने इसी तरह विवादित बना कर कब्जा रखा है।

# सरस्वती पूजा का पर्व है बसन्त पंचमी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

बसन्त उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। खेत सरसों के फूलों से भरे पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का त्योहार है। इस दिन पूरे देश में विद्या की देवी माँ सरस्वती की बड़े उल्लास के साथ पूजा की जाती है। इस दिन स्त्रियां पीले वस्त्र धारण करती हैं। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है।

बसन्त पंचमी के पर्व से ही बसंत ऋतु का आगमन होता है। शांत, ठंडी, मंद वायु, कटु शीत का स्थान ले लेती है तथा सब को नवप्राण व उत्साह से स्पर्श करती है। बसन्त ऋतु तथा पंचमी का अर्थ है शुक्ल पक्ष का पांचवां दिन। अंग्रेजी कलेंडर के अनुसार यह पर्व जनवरी-फरवरी तथा हिन्दू तिथि के अनुसार माघ के महीने में मनाया जाता है।

भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।

बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वों पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि



से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है।

चूंकि बसन्त पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे। ऐसा विचार करते हुए ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल लेकर कमल पुष्पों तथा धरती पर छिडका। जल छिडकने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी।

ब्रह्मा जी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्मा जी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी सरस्वती के नाम से जाना जाएगा। ब्रह्मा जी ने देवी सरस्वती को वरदान देते हुए कहा कि तुम्हारे द्वारा समाज का कल्याण होगा इसलिए समाज में रहने वाले लोग तुम्हारा पूजन करेगें।

कडकड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते ही बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। देश के कई स्थानो पर पवित्र नदियों के तट और तीर्थ स्थानों पर बसंत मेला भी लगता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में तो बसंत पंचमी के दिन से ही लोग समूह में एकत्रित होकर रात में चंग ढफ बजाकर धमाल गाकर होली के पर्व का शुभारम्भ करते है।

बसन्त पंचमी के दिन विद्यालयों में भी देवी सरस्वती की आराधना की जाती है। भारत के पूर्वी प्रांतों में घरों में भी विद्या की देवी सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की जाती है और वसन्त पंचमी के दिन उनकी पूजा की जाती है। उसके बाद अगले दिन मूर्ति को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। देवी सरस्वती को ज्ञान, कला, बुद्धि, गायन-वादन की अधिष्ठात्री माना जाता है। इसलिए इस दिन विद्यार्थी, लेखक और कलाकार देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। विद्यार्थी अपनी किताबें, लेखक अपनी कलम और कलाकार अपने संगीत उपकरणो और बाकी चीजें मां सरस्वती के सामने रखकर पूजा करते हैं।

## प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यत॰ जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत्, चित् एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वत॰ समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है।

# वसन्त पंचमी-सरस्वती आराधना का पर्व

**डॉ. शारदा मेहता**

माता सरस्वती या शारदा बुद्धि की दात्री देवी मानी गई हैं। उनमें प्रेम, भक्ति, ज्ञान एवं कर्म का साकार रूप परिलक्षित होता है। ये श्वेत वस्त्रावृता हैं। दोनों भुजाओं से वीणा की मधुर झंकार झंकृत कर रही है। एक हाथ में पुस्तक है तथा दूसरे हस्त में स्फटिक माला से जाप कर रही हैं। ये सरल हृदया श्वेत पद्मासन पर विराजमान अपने भक्तों को आशीर्वाद दे रही हैं। ये अपने भक्तों की आराधना से शीघ्र प्रसन्न हो जाती हैं। ये क्षमाशील और स्नेहमयी हैं। इन्हें कई संज्ञाओं से सम्बोधित किया जाता है-

प्रथमं भारती नाम द्वितीयं च सरस्वती,<br>
तृतीयं शारदा देवी, चतुर्थं हंसवाहिनी,<br>
पंचमं जगती ख्याता, षष्ठम् वागीश्वरी,<br>
सप्तमं कुमुदीप्रोक्ता, अष्टमम् ब्रह्मचारिणी,<br>
नवमं बुद्धिमाता च दशमम् वरदायिनी,<br>
द्वादशैतानि नामानि त्रिसन्ध्यं य॰ पठेन्नर॰,<br>
जिह्वाग्रे वसते नित्यम् ब्रह्मरुपा सरस्वती,<br>
सरस्वती महाभागे विद्याकमल लोचने,<br>
विद्यारुपा विशालाक्षि विद्यादेहि नमोस्तुते।।

थाईलैंड में सरस्वती को सुरसवदी, जापान में बेंजाइतेन बर्मा में तिपिटमेदा या थुयथदी, चीन में बियान चाइत्यान कहा जाता है।

सरस्वती पुराण और मत्स्यपुराण के अनुसार सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ही सरस्वती के पिता हैं। ब्रह्माण्ड में ब्रह्माजी अकेले थे। उनके मुख से सरस्वती उत्पन्न हुई। सरस्वती के जन्म के पूर्व पृथ्वी मौन थी। कहीं पर भी किसी प्रकार की हलचल नहीं थी। विष्णु भगवान की अनुमति से ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल छिड़का और पृथ्वी में स्फुरण हुआ। पृथ्वी का आँचल पल्लवित और पुष्पित होने लगा।

वसन्त पंचमी के दिन सरस्वती पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन साहित्य सृजक तथा विद्यार्थीगण माँ सरस्वती का वन्दन पूजन करते हैं-

सरस्वति नमस्तुभ्यं वरदे कामरुपिणि।<br>
विद्यारंभं करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा।।

सहसा ही भक्त का मन पुराणोक्त मंत्र का उद्घोष कर उठता है-

या देवी सर्वभूतेषु विद्यारुपेण संस्थिता।<br>
नमस्तस्यै नमस्तयै नमस्तस्यै नमो नम॰।।



वसन्त ऋतु का आगमन हो जाता है। सूर्य उत्तरायण में अभिमुख हो जाते हैं। पृथ्वी पर चारों ओर प्राणीजगत तथा वनस्पति जगत वासन्तिक हवा में उल्लसित हो उठता है। वृक्षों और लताओं में नव किसलय, नवअंकुरण नवपुष्पों की सुरभि चहुँ ओर वासन्तिक आभा से महकती हुई दृष्टिगत होती है। सभी ऋतुओं में वसन्त ऋतु प्रमुख है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं-

%ऋतूनां कुसुमाकर॰'

अर्थात् ऋतुओं में मैं वसन्त ऋतु हूँ। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन कामदेव को भस्म किया था। यजुर्वेद के 21वें अध्याय के 23वें मंत्र में कहा है-

वसन्तेन ऋतुना देवा वसवस्त्रिवृता स्तुता॰।<br>
रथन्तरेण तेजसा हविरिन्द्रे वयो दधु॰।।

भावार्थ यह है कि वसन्त ऋतु में अष्ट वसु लोक तिगुने अर्थात् प्रबल रूप से प्रकट होते हैं। रथन्तर अर्थात् उत्तरोत्तर प्रबलता को धारण करते हुए सूर्य देवता के प्रकाश से हवि अर्थात् अन्नादि की खेती को इसी ऋतु में पकाती हैं। प्राणीवर्ग को बल आयु प्राप्त होती है। अन्न के पकने से मानव जगत को भोजन सामग्री प्राप्त होती है।

सनातन धर्म के अनुसार शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि जब बालक का जन्म होता है तो नवजात शिशु के जिह्वाग्र पर शुद्ध शहद से चाँदी की शलाका से %ॐ' अक्षर लिखा जाता था। यह पवित्र कार्य माता-पिता या किसी विद्वान ब्राह्मण के द्वारा सम्पादित किया जाता है। ऐसा बालक बुद्धिमान, चतुर, सत्यवादी, तेजस्वी, मधुर भाषी और शक्तिशाली होता है।

विद्यालयों और घरों में वर्तमान युग में भी वसन्त पंचमी के दिन सरस्वती पूजन किया जाता है। आम वृक्ष पर लगने वाले मोर, बेरफल, गुलाल आदि पूजन सामग्री से पूजन कर माता सरस्वती से कुशाग्र बुद्धि प्रदान करने की याचना की जाती है-

शारदायै नमस्तुभ्यं, मम हृदय प्रवेशिनी।<br>
परीक्षायां समुत्तीर्णं, सर्व विषयानाम् यथा।।

# सरस्वती माँ विवेक की देवी हैं

### सूडोकु नवताल- 5973

✱✱✱✱✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5972 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**शरद नारायण खरे**

अक्षर का तूने सार दिया,मातु शारदे।<br>
सच्चाई का संसार दिया,मातु शारदे।<br>
मैं खोया था अविवेक के अँधियार में मगर,<br>
उजियार का उपहार दिया मातु शारदे।।

सरस्वती को वागीश्वरी, भगवती, शारदा और वीणावादिनी सहित अनेक नामों से संबोधित जाता है। ये सभी प्रकार के ब्रह्म विद्या-बुद्धि एवं वाक् प्रदाता हैं। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण ये संगीत की अधिष्ठात्री देवी भी हैं। ऋग्वेद में भगवती सरस्वती का वर्णन करते हुए कहा गया है कि, प्रणो देवी सरस्वती परम चेतना हैं। सरस्वती के रूप में वे हमारी बुद्धि, प्रज्ञा तथा मनोवृत्तियों की संरक्षिका हैं। हम में जो आचार और मेधा है उसका आधार भगवती सरस्वती ही हैं। इनकी समृद्धि और स्वरूप का वैभव अद्भुत है। कई पुराणों के अनुसार नित्यगोलोक निवासी श्रीकृष्ण भगवान ने सरस्वती से प्रसन्न होकर कहा कि उनकी बसंत पंचमी के दिन विशेष आराधना करने वालों को ज्ञान विद्या कला मे चरम उत्कर्ष प्राप्त होगा । इस सत्य के फलस्वरूप भारत में वसंत पंचमी के दिन ब्रह्मविद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा होने कि परंपरा आज तक जारी है।

सरस्वती को साहित्य, संगीत, कला की देवी माना जाता है। उसमें विचारणा, भावना एवं संवेदना का त्रिविध समन्वय है। वीणा संगीत की, पुस्तक विचारणा की,वे हंस-वाहन कला की अभिव्यक्ति हैं। लोक चर्चा में सरस्वती को शिक्षा की देवी माना गया है। शिक्षा संस्थाओं में



वसंत पंचमी को सरस्वती का जन्म दिन समारोह पूर्वक मनाया जाता है। पशु को मनुष्य बनाने का ,अंधे को नेत्र मिल जाने का श्रेय शिक्षा को दिया जाता है। मनन से मनुष्य बनता है। मनन बुद्धि का विषय है। भौतिक प्रगति का श्रेय बुद्धि-वर्चस् को दिया जाना और उसे सरस्वती का अनुग्रह माना जाना उचित भी है। इस उपलब्धि के बिना मनुष्य को नर-वानरों की तरह वनमानुष जैसा जीवन बिताना पड़ता है। शिक्षा की गरिमा-बौद्धिक विकास की आवश्यकता जन-जन को समझाने के लिए सरस्वती अर्चना की परम्परा है। इसे प्रकारान्तर से गायत्री महाशक्ति के अंतगर्त बुद्धि पक्ष की आराधना कहना चाहिए।

सरस्वती के एक मुख, चार हाथ हैं। मुस्कान से उल्लास, दो हाथों में वीणा-भाव संचार एवं कलात्मकता की प्रतीक है। पुस्तक से ज्ञान और माला से ईशनिष्ठा-सात्त्विकता का बोध होता है। वाहन राजहंस -सौन्दर्य एवं मधुर स्वर का प्रतीक है। इनका वाहन राजहंस माना जाता है और इनके हाथों में वीणा, वेदग्रंथ और स्फटिक माला होती है। भारत में कोई भी शैक्षणिक कार्य के पहले इनकी पूजा की जाती है।

कहते हैं कि महाकवि कालिदास, वरदराजाचार्य, वोपदेव आदि मंद बुद्धि के लोग सरस्वती उपासना के सहारे उच्च कोटि के विद्वान् बने थे। इसका सामान्य तात्पर्य तो इतना ही है कि ये लोग अधिक मनोयोग एवं उत्साह के साथ अध्ययन में रुचिपूवर्क संलग्न हो गए और अनुत्साह की मनःस्थिति में प्रसुप्त पड़े रहने वाली मस्तिष्कीय क्षमता को सुविकसित कर सकने में सफल हुए होंगे। इसका एक रहस्य यह भी हो सकता है कि कारणवश दुर्बलता की स्थिति में रह रहे बुद्धि-संस्थान को सजग-सक्षम बनाने के लिए वे उपाय-उपचार किए गए जिन्हें %सरस्वती आराधना% कहा जाता है। उपासना की प्रक्रिया भाव-विज्ञान का महत्त्वपूर्ण अंग है। श्रद्धा और तन्मयता के समन्वय से की जाने वाली साधना-प्रक्रिया एक विशिष्ट शक्ति है। मनःशास्त्र के रहस्यों को जानने वाले स्वीकार करते हैं कि व्यायाम, अध्ययन, कला, अभ्यास की तरह साधना भी एक समर्थ प्रक्रिया है, जो चेतना क्षेत्र की अनेकानेक रहस्यमयी क्षमताओं को उभारने तथा बढ़ाने में पूर्णतया समर्थ है। सरस्वती उपासना के संबंध में भी यही बात है। उसे शास्त्रीय विधि से किया जाय तो वह अन्य मानसिक उपचारों की तुलना में बौद्धिक क्षमता विकसित करने में कम नहीं, अधिक ही सफल होती है। मन्दबुद्धि लोगों के लिए गायत्री महाशक्ति का सरस्वती तत्त्व अधिक हितकर सिद्ध होता है।

## चीनी ओलंपिक का बहिष्कार

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

चीन की राजधानी पेइचिंग में शुरु हो रहे ओलंपिक खेलों का भारत बहिष्कार करेगा। हमारे कूटनीतिज्ञ न उसके उदघाटन और न ही सम्मान-समारोह में शामिल होंगे, क्योंकि चीन ने भारत को अपमानित करने के लिए एक नया पैंतरा मारा है। उसने ओलंपिक के आरंभिक जुलूस में अपनी फौज के उस कमांडर को मशालची बनाया है, जो गलवान घाटी में भारत पर हुए हमले का कर्ता-धर्त्ता था। की फाबाओ नामक इस कमांडर ने गलवान-मुठभेड़ के बाद एक इंटरव्यू में काफी शेखी बघारी थी और भारत के 20 जवानों को मारने का श्रेय अपने सिर लिया था। चीनी फौज ने उसे उसकी वीरता के लिए पुरस्कृत भी किया था। ऐसे व्यक्ति को ओलम्पिक गेम्स का हीरो बनाना क्या इस बात का सूचक नहीं है कि चीन चोरी और सीनाजोरी पर उतारु है? इतना ही नहीं, पिछले माह चीनी फौजियों ने सीमांत के एक गांव से एक भारतीय नौजवान को अगुआ करके उसकी जमकर पिटाई की और भारत के विरोध करने पर उसे लौटा दिया लेकिन उसे अधमरा करके! चीनियों ने ये सब उटपटांग काम तब किए जबकि भारत ने नवम्बर 2021 में भारत-रूस-चीन के त्रिगुट की बैठक में ओलंपिक खेलों के स्वागत की घोषणा कर दी थी। इसके अलावा उसकी जमीन कब्जाए जाने और उसके सैनिकों की हत्या के बावजूद वह चीन से शांतिपूर्वक संवाद भी कर रहा है। इसका अर्थ क्या यह नहीं है कि चीन अपनी दादागीरी पर उतारु हो गया है? उसे शायद यह बुरा लग रहा है कि भारत और अमेरिका एक-दूसरे के इतने नजदीक क्यों आ रहे हैं। चीनी ओलंपिक के उदघाटन में भाग लेने के लिए रुस से पुतिन, पाकिस्तान से इमरान खान और पांचों मध्य एशियाई गणतंत्रों के राष्ट्रपति पेइचिंग पहुंच रहे हैं। लेकिन अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, डेनमार्क जैसे कई देशों ने इन खेलों का राजनयिक बहिष्कार पहले से इसलिए घोषित कर रखा है कि चीन में मानव अधिकारों का घोर उल्लंघन होता है। एक अमेरिकी सीनेटर ने तो दो-टूक शब्दों में कहा है कि चीन की यह हरकत शर्मनाक है कि उसने ओलंपिक के जूलूस में ऐसे मशालची को शामिल किया है, जिसने उइगर मुसलमानों का कत्ले-आम किया है और भारतीय जवानों को भी मारा है। भारत ने ओलंपिक खेलों का यह बहिष्कार पहली बार किया है और सरकार इन खेलों को अब अपने दूरदर्शन के चैनलों पर भी नहीं दिखाएगी। चीन की इस हरकत ने भारत-चीन फौजी संवाद में एक नई कडुवाहट को जन्म दे दिया है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर संगोष्ठी संपन्न



**मुरैना।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के हॉल में एक संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया सर्वप्रथम चिकित्सकों को मंचासीन किया गया एवं बीके तारा बहन जी द्वारा चंदन टीका और पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 2 मिनट का मेडिटेशन किया गया। सर्वप्रथम डॉ विवेक राठी (फिजीशियन) द्वारा सभा में उपस्थित लोगों को कैंसर होने की संभावना के बारे में तथा कैंसर से किस प्रकार बचा जा सकता है के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में डॉ संजय शर्मा डेंटल (सर्जन) ने बताया कि लोगों को कैंसर के बारे में जानकारी तो है लेकिन आभास नहीं है। उन्होंने मुख में पनपते हुए कैंसर के बारे में जानकारी दी। मंचासीन डॉ श्रीमती रितु राठी स्त्री रोग विशेषज्ञ ने भी महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर तथा गर्भाशय कैंसर के बारे में जानकारी दी तथा उससे कैसे बचा जा सकता है व प्रारंभिक लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने सभी बहनों से अपील कर बताया कि गर्भाशय में कैंसर की वैक्सीन उपलब्ध हो चुकी है उद्बबोधनों कि इसी श्रंखला में डॉ आरसी बांदिल (सर्जन) ने विश्व कैंसर दिवस क्यों मनाते हैं इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अपने देश में 7 नवंबर को कैंसर जागरूकता दिवस भी मनाया जाता है। अंत में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केंद्र संचालिका बी.के. रेखा बहन द्वारा उपरोक्त सभी चिकित्सकों द्वारा दी गई समझाईशों का पालन करने हेतु निवेदन किया और बताया कि सात्विक भोजन एवं स्वच्छता रखना भी कैंसर के बचाव में आवश्यक है। प्रोग्राम के समापन में सभी अतिथियों को सौगात दी गई। कार्यक्रम का संचालन एवं मेडिटेशन बीके रितिका बहन द्वारा किया गया।

## स्वास्थ्य केन्द्र नूरावाद व बानमौर के निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ अनुपस्थित पाये

**मुरैना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नूरावाद और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बानमौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों पर 15 चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जो चिकित्स्क एवं स्टाफ अनुपस्थित पाये गये है, उनमें मेडीकल ऑफीसर डॉ. प्रियंका, डॉ. मुदगल शुक्ला, फार्मासिस्ट हरेन्द्र गुर्जर, संगणक गिर्राज शर्मा, बीएएम श्रीमती श्वेता गोयल, डीईओ श्रीमती रमा औझा, फार्मासिस्ट श्रीमती गरिमा जैन, स्टाफ नर्स श्रीमती अंकिता गुप्ता, एलएचव्ही नीलम कदम, डीईओ कुमारी मौना, डीईओ हर्ष शर्मा, एफ.डब्लू सुरेन्द्र पाराशर, फार्मासिस्ट श्री त्रिपाठी, स्वीपर बबलू, मेडीकल ऑफीसर डॉ. दीपक राठौर के अनुपस्थित पाये जाने पर इन सभी 15 स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों की अनुपस्थिति की स्थिति में कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, लेबर रूम, जनरल वार्ड, दवा वितरण केन्द्र की स्थिति का जायजा लिया। कमियां मिलने पर उन्होंने सुधार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कोविड-19 वैक्सीनेशन लक्ष्य के अनुरूप वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिये।

## कार्यवाही: चंबल नदी से अवैध रेत उत्खनन रोकने के लिए प्रशासनिक टीम ने पुलिस के सहयोग से जेसीबी से गड्ढा खुदवाएं

**अम्बाह।** एसडीएम राजीव समाधिया के निर्देशन में इन दिनों प्रशासन द्वारा वन विभाग एवं पुलिस के सहयोग से अवैध रेत उत्खनन को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है कार्यवाही के दूसरे



दिन नायब तहसीलदार विकास भदोरिया, नायब तहसीलदार मनोज धाकड़, वन विभाग के रेंजर दीपांकर सिंह ने पुलिस बल को साथ ले जाकर चंबल नदी के कुथियाना घाट मल्हन का पुरा की तरफ जाने वाले मार्ग पर गहरे गड्डे खोद दिए, पुलिस ने जेसीबी से उस रास्ते में गड्डे कराए, जहां से हर दिन बडी संख्या में माफिया रेत का परिवहन करता है। बता दें कि चंबल नदी से रेत का खनन प्रतिबंधित है फिर भी रेत माफिया लगातार खनन कर रहा है। माफिया को रोकने के लिए नायब तहसीलदार विकास भदौरिया ने पुलिस बल के साथ जाकर जेसीबी से गड्डे खुदवा दिए, खासबात यह है कि इस इलाके में हथियारों के साये में चंबल नदी से दिन-रात रेत का खनन किया जा रहा था। हालात यह रहते हैं कि नदी के इस घाट पर एक दो पुलिसकर्मियों की जाने की हिम्मत तक नहीं पड़ती, जिसके चलते घाट के पास इन दिनों रात भर रेत खनन माफिया द्वारा किया जा रहा था। क्षेत्रीय ग्रामीणों की माने तो चंबल नदी से हो रहे खनन में अप्रत्यक्ष रूप से कुछ जनप्रतिनिधियों का संरक्षण है। ग्रामीण ने बताया कि रास्ते में गड्डे खोदने से रेत माफिया के ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपर नहीं निकल सकेंगे। इससे कुछ हद तक रेत परिवाहन पर प्रतिबंध लगने की संभावनाएं हैं।

## 7 पेटी शराब के साथ खड़ियाहार से तस्कर पकड़ा



**मुरैना।** सिंहोनियां थाना पुलिस ने ग्राम खड़ियाहार मैं करब के अंदर छुपा कर रखी अवैध शराब के साथ एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अवैध शराब परिवहन विक्रय पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ की जा रही है।

# किन्नर राबिया ने पहले दिया था भात अब बेटा होने पर भेजा पछ

**अम्बाह।** किन्नर अक्सर खुशी के मौके पर नजराना लेकर लोगों को दुआ देने का कार्य करते हैं किन्तु अम्बाह नगर में एक मामला इसके विपरीत देखने को मिला। यहां पर रहने वाली मशहूर किन्नर राबिया ने नजराना लेने की जगह बिटिया के विवाह में अपनी ओर से भात देकर मानवता का अनूठा उदाहरण पेश किया। इतना ही नहीं जिस बेटी के विवाह में राबिया ने भात दिया था अब उस लडकी के बेटा होने पर अपनी ओर से पछ भेजकर बिटिया के मामा होने का फर्ज निभाया है। उल्लेखनीय है कि कस्बे की प्रताप कॉलोनी में रहने वाले डोगर सिंह जाटव का 2 साल पहले निधन हो गया था, उनके घर में वृद्ध पत्नी चरण देवी एवं एक बेटी पूनम व एक दिव्यांग बेटा है गरीब बूढ़ी मां ने अपनी बेटी की शादी नाते रिश्तेदारों की मदद से समाज के ही एक युवक से 14 मार्च 2021 को शादी कर दी। उस दौरान भात की रस्म अदायगी कौन करेगा यह संकट खड़ा हो गया। उस दौरान मोहल्ले में बधाई मांगने के लिए अपनी टीम के साथ राबिया किन्नर पहुंची तो उन्हें चरण देवी की व्यथा पता चली तो उन्होंने अपने साथी किन्नरों के साथ हजारों रुपए की भात सामग्री हाथ ठेले पर रखकर विवाह स्थल पर जाकर भाई बनकर पूनम के ब्याह में भात की रस्म अदा की। जब




10 माह बाद पूनम को बेटा हुआ तो गुरुवार को राबिया किन्नर अपने साथियों के साथ 70 हजार का पछ का सामान लेकर वृद्ध चरण देवी के यहाँ पहुंची और उसने यह सामग्री वृद्ध चरण देवी और उसके बेटे को भेंट की ताकि यह सामान पछ के लिए पूनम की ससुराल पहुंचाया जा सके। राबिया किन्नर की इस पहल की संपूर्ण नगर में सराहना की जा रही है।

## क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष के विरुद्ध झूठा प्रकरण कराया दर्ज: राठौड़

**मुरैना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष थाने में बैठे थे और उसी समय उनके विरुद्ध झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया गया, जिसकी समाज के लोगों ने निंदा करते हुए प्रदेश महामंत्री गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर निराकरण करने की मांग की।



क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री श्री राठौड़ ने बताया कि जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह समाज, शोषित पीड़ित लोगों की पंचायतें कर उनको न्याय दिलाने में पूर्ण सहयोग करते हैं। 28 जनवरी 2022 को ग्राम नगर कुम्हार गली में रहने वाली उपासना चौहान एवं उसके परिवार जनों के मकान में हरीश जैन एवं उसके साथियों द्वारा मारपीट कर सामान रोड पर फेंक दिया गया। इसी मामले को लेकर महेंद्र सिंह समाज के लोगों के साथ स्टेशन रोड थाना में अपराधियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध करा रहे थे। इसी दौरान थाना प्रभारी के द्वारा जिलाध्यक्ष को धमकी दी गई और कुछ समय बाद अपराधियों से सांठगांठ कर महेंद्र सिंह के खिलाफ धारा 452, 232, 294, 506 का प्रकरण दर्ज कर दिया गया, जबकि घटना का समय 8:30 से 9:00 का है और उस समय वह उपासना चौहान के साथ थाने पर ही थे।







## सरकार से फ्री में मिले उपचार से अंबिका क्षरा रोग से हुई मुक्त

**मुरैना।** राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरकार से फ्री में मिले उपचार, दवाईयां, पोषण आहार के लिये मिली राशि से श्रीमती अंबिका अब पूरी तरह से क्षय रोग से मुक्त हो गई हैं।

मुरैना जिले की अंबाह जनपद पंचायत में रहने वाली 27 वर्षीय अंबिका पत्नि सुभाष शर्मा ने बताया कि मेरे गले में दर्द होता था, गले में गठान भी थी। जब में उपचार के लिये जिला चिकित्सालय मुरैना पहुंची तो उपस्थित डॉ बी एल मौर्य ने मेरा चैकअप किया। जांच में मुझ में क्षय रोग की बीमारी पाई गई। चिकित्सा डॉ. मार्य ने आर एन टी पी सी द्वारा इलाज शुरू कर दिया। मुझे सभी दवाईयां फ्री में दी गई और हर दो माह बाद मेरी जांच करायी गई। दवा स्वास्थ्य स्टाफ की देखरेख में खिलाई और बार-बार दवा कार्ड चेक किया गया। दवा के बारे में नियम से खाने के बारे में समझाया गया। मैंने दवाई और जांचे समय से कराई जिससे मुझे 500 रूपये माह के हिसाब से पोषण आहार के लिए दिये गये इस तरह मुझे 3000 रूपये दिये गये। छः माह के उपचार के बाद अब मैं बिल्कुल ठीक हूं मुझे जो इलाज शासकीय अस्पताल से फ्री में मिला है अगर यही इजाज मेरा प्राइवेट में होता तो मेरे लाखों रूपये खर्च होते जो में कभी खर्च नहीं कर पाती और ना ही मेरा इलाज हो पाता। इतनी मंहगी दवा मुझे फ्री में दी गई, जिसके लिए में सरकार के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने गरीबों के हित में क्षय रोग उपचार की निःशुल्क योजना लागू कर मेरे जैसे लाखों लोग इस योजना से लाभान्वित हो गये हैं। क्षय रोग की जो योजना है, वह बहुत ही लाभदायक है। इस योजना से गरीब से गरीब आदमी भी इलाज ले सकता है। में डॉक्टर बी. एल. मौर्य क्षय रोग नोडल ऑफिसर एंव समस्त स्टाफ को बार-बार धन्यवाद देना चाहती हूं।



## कारखाना बचाओ आंदोलन: 8 फरवरी को आयोजित धिक्कार दिवस आंदोलन की तैयारियां जारी

**कैलारस।** शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन को गति देने के लिए 8 फरवरी को होने वाली मिल हाउस की नीलामी रद्द करने के लिए, शक्कर कारखाने को चलाने, कर्मचारी किसानों का बकाया भुगतान करने के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, एसएफआई, डीवाईएफआई, दलित शोषण मुक्ति मंच, जनवादी महिला समिति, अखिल भारतीय किसान सभा एवं अन्य संगठनों की संयुक्त बैठक किसान भवन पर संपन्न हुई। बैठक में धिक्कार दिवस को प्रभावी बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। आयोजित बैठक में अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़ महेश प्रजापति, बृजमोहन मरैया, डॉक्टर शरीफ कुरैशी, नंदलाल खरे, गौतम बोद्ध, राजवीर सिंह धाकड़, भीकम जाटव, कृष्ण प्रजापति, इब्राहिम शाह, सुमेर सिंह धाकड़ सहित बड़ी संख्या में नेता गणों की भागीदारी रही। इस दौरान नीलामी रद्द करने की मांग को जोरदारी से उठाने और नहीं माने जाने पर आगामी आंदोलन की रणनीति पर भी चर्चा हुई। सभी नेता गणों ने मुख्यमंत्री से



आग्रह किया है कि वे अपनी शक्कर मिल चलाने की घोषणा पर अमल सुनिश्चित करें, कारखाने को चलाएं व नीलामी रद्द करें। किसान और कर्मचारियों का भुगतान सूचित करें। इसके अलावा शेयर होल्डर्स की सूची को भी अपडेट किया जाए। मृतक शेयरहोल्डर्स के परिजनों का भी नामांतरण किया जाए। साथ ही अंशधारकों की साधारण सभा की बैठक भी बुलाई जाए। इस बैठक में शक्कर कारखाने से संबंधित सभी पहलुओं और आंदोलन को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। 8 फरवरी धिक्कार दिवस को मुकम्मल रूप से सफल बनाया जाएगा।

# भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ भिंड की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ भिंड की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय कॉटन जीन कॉलोनी भिंड में आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त स्काउट श्री शिवांशु सिंह किरार के द्वारा की गई, बैठक, में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला स्काउट कमिश्नर श्री हरि भुवन सिंह तोमर, प्राचार्य शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 भिंड श्री व्ही.पी.पाण्डेय , श्रीमती स्नेहलता भदोरिया उपस्थित रही, बैठक में एजेंडा के अनुसार कई निर्णय लिए गए, जिसमें कई पदाधिकारियों के दायित्व परिवर्तित



किए गए, बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए, कई विषयों पर सुझाव के आधार पर निर्णय लिए,, बैठक में तय किया गया कि जिले में जितने भी हायर सेकेंडरी एवं संकुल केंद्र स्कूल है उन सब पर गतिविधि अनिवार्य रूप से संचालित हो इसके लिए संबंधित प्राचार्य को निर्देशित किया जाएगा

डीओसी स्काउट श्री अतिबल सिंह द्वारा वर्तमान सत्र के शेष प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, साथ ही सत्र 2022 -23 के प्रस्तावित जिला स्तरीय कार्यक्रमों का अनुमोदन सर्व समिति द्वारा किया गया, बैठक के दौरान ब्लॉक संघ निर्वाचन पर जोर दिया गया जिसमें, 20 मार्च 2022 तक निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु विकास खंड पदाधिकारियों को निर्देशित किया,

बैठक में स्काउट गाइड के प्रशिक्षण केंद्र एवं कार्यालय हेतु जल्दी से जल्दी स्थान चयनित कर आवंटित कराने के लिए कलेक्टर महोदय से अनुमति हेतु निर्णय लिया गया, जिला मुख्य आयुक्त श्री किरार द्वारा सभी पदाधिकारियों को उत्साहित करते हुए आश्वासन दिया कि स्काउटिंग के लिए मैं कहां उपयोगी हो सकता हूं मुझे बताएं में पूर्ण रुप से आपका सहयोग करूंगा

बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी भिंड श्री एमके तायल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मेहगांव श्री भरद्वाज , बीआरसी भिंड श्री सत्येंद्र सिंह कुशवाह,जिला सचिव श्री भारत सिंह कुशवाह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती कीर्ति भदोरिया, जिला कोषाध्यक्ष श्री महेश कुमार कनेरिया, श्रीमती रेखा भदोरिया डीओसी गाइड एवं रेंजर लीडर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरपुरा , श्री अमर सिंह विमल सह जिला सचिव, श्रीमती मधुबाला सिंह तोमर, श्री राम केशव राठौर, श्री अवतार ओझा, श्री अनिल सेंगर श्रीमती अर्चना सोनी, श्रीमती अमिता सिंह सेंगर, श्री मनोज कुमार कौशल, उमेश कुमार खरे, एवं रोवर रेंजर आदि उपस्थित हुए।



## शिवपुरी पुलिस ने गुम हुये मुबाइलों मे से 56 मोबाइल खोज कर लोगों को किये सुपुर्द

**शिवपुरी**-खबर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कंट्रोल रूम से है जहां आज पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ने शिवपुरी शहरवासियों के गुम हुये मोबाइल वापस प्राप्त कर लोगों को वितरित किये है । जिन लोगों के मोबाइल गुम हुए थे , उन लोगों ने साइबर सेल शिवपुरी में मोबाइल खोने की शिकायत दर्ज की थी जिसके बाद, सायबर सेल प्रभारी उनि. मुकेश दुबोलिया एवं उनकी टीम ने गुम हुए मोबाइलों में से 56 मोबाइल बरामद कर लिये हैं जिन्हें आज पुलिस अधीक्षक शिवपुरी व्दारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे लोगों को वापस किया गया, अपने मोबाइल वापस पाकर लोग वहुत प्रशन्न दिखे एवं पुलिस को धन्यबाद कहा । सायबर सेल प्रभारी उनि. मुकेश दुबौलिया एवं सायबर सेल टीम द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक राज्यों से लोकल पुलिस की मदद लेकर एवं लोगों से संपर्क कर शिवपुरी मे खोये हुये मोबाइलों को कोरियर के माध्यम से बापस लाया गया है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने सायबर टीम एवं इस कार्य मे लगे अन्य पुलिस कर्मियों की इस कार्य के लिये सराहना की है। उक्त कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उनि. मुकेश दुबौलिया, आरक्षक आलोक व्यास, जलज रावत, दामोदर परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं ।

## जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट






### कांग्रेस पार्टी के घर चलो घर घर चलो अभियान की हुई शुरूआत

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार समस्त 52 जिलों से घर चलो अभियान का प्रारंभ 1 फरवरी 2022 को कमलनाथ ने देवास से किया है। जिसके चलते टीकमगढ़ निवाड़ी जिले में इस अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिसको लेकर आज एक प्राइवेट होटल में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी के द्वारा अभियान को लेकर विचार विमर्श किया गया, वक्ताओं द्वारा अपने विचार अपने कार्यकर्ताओं के सामने रखें इस अभियान को सफल बनाना है, और घर घर पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में और भाजपा सरकार द्वारा जो कार्य किए गए हैं। उनको जनता के सामने रखना है कि किसके द्वारा कितना अच्छा कार्य किया गया है। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी जमीनी स्तर पर उतर कर लोगों से पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा करेंगे। वही मंचासीन वक्ताओं द्वारा भाजपा पार्टी को आड़े हाथों लिया है, और उन पर तमाम योजना में धांधली के आरोप लगाए हैं, साथ ही कार्यकर्ताओं को बताया गया है कि भाजपा सरकार द्वारा योजना में धांधली की गई है जो जनता के साथ छल किया गया है। उन्हें जनता के सामने लाना है अब देखना यह है कि कांग्रेश पार्टी यह अभियान जनता के बीच ले कर जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह कैसे निभाएगी और जनता को कांग्रेस पार्टी के प्रति कैसे आकर्षित करती है यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। बैठक के बाद कवरेज करने आए हुए पत्रकारों का मंच से सम्मान किया गया यह सम्मान कांग्रेस नेता विश्वजीत सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर अवनीश बुंदेला प्रदेश प्रवक्ता, चंदा रानी गौर पूर्व विधायक, किरण अहिरवार, नितेन्द्र सिंह राठौर, वृंदावन अहिरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर राजेंद्र अधोरी, विश्वजीत सिंह जूदेव, पार्थ सिंह, शुद्धार्थ सिंह, नवीन साहू, भजन यादव, पूनम जयसवाल, दुलाराम अहिरवार, श्रीमती रूपा यादव, श्रीमती राजकुमारी दुबेदी, देवी प्रसाद अहिरवार, स्वतंत्र यादव, दीवान साहब खरगापुर, बेबी राजा, चंद्रपाल सिंह, दुलीराम अहिरवार, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भिंड जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया प्रशासन की टीम के साथ ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का दौरा किया जिसमें कांग्रेस के कई पदाधिकारी साथ में रहे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

भिंड जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया प्रशासन अमले मैं नायब तहसीलदार रंजीत कुशवाहा आदि लोगों के साथ आज मेहगांव विधानसभा के ओलापीड़ित क्षेत्र गहेली सिरसी कनाथर घसीपुरा सेमरा पड़कोली परघेना गाँवों का दौरा किया एवं राहुल भदोरिया ने प्रशासन से माँग की कि उक्त प्रभावित क्षेत्र का जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवज़ा दिया जाये कुछ गाँवों में जैसे सिरसी ओर गहेली में 100त्न नुक़सान हे और जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया ने बताया कि किसान भाइयों पर जो बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसान भाइयों पर आपत्कालीन आपदा कुदरत का कहर बनकर टूटी है जिसमे किसान भाइयों के साथ कांग्रेस पार्टी और मैं हमेशा खड़ा रहूंगा जल्द से जल्द सर्वे करवाकर मुआवजा दिलवाने के लिए प्रशासन से मांग की कई गांव मैं फसल पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है उन गांवों में फसलों का आकलन कर सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए और उनके



साथ में रणजीत गुर्जर भूपेंद्र सिंह वीरेंद त्यागी नागेंद्र सिंह दीपेन्द्र फोज़ी गुड्डु तोमर धर्मेंद सिंह सहित कई कोंग्रेस के पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता साथ रहे

## पेड़ से पत्तों की तरह हमें समाज से जुड़ा रहना चाहिए: शैतान सिंह पाल



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पाल समाज के राष्ट्रीय अद्यक्ष का जगह जगह किया स्वागत समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ से पत्तों की तरह जुड़े रहना चाहिए, समाज का प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक संगठन की नींव है, जब पेड़ से पत्ते गिर जाते हैं तो पेड़ भी सूख जाता है पत्ते का जीवन भी खत्म हो जाता है इसलिये समाज की हरियाली और खुशहाली के लिये लोगों को समाज से जुड़ा रहना चाहिए। यह बात पाल समाज के राष्ट्रीय अद्यक्ष शैतान सिंह पाल ने अपने शिवपुरी दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने सामाजिक संग़ठन को कभी कमजोर नहीं मानना चाहिए क्योंकि सामाजिक संगठन की मजबूती उस संग़ठन में काम करने वाले व्यक्तियों के मजबूत इरादों से होती है। यह हमारे खुद की कार्यप्रणाली पर निर्भर रहता है कि हम संग़ठन को कितना आगे ले जाना चाहते हैं। अगर पदाधिकारी मेहनत से काम करते हैं तो सामाजिक संगठन की मजबूती मिलती है। पाल समाज के राष्ट्रीय अद्यक्ष शैतान सिंह पाल जी का स्वागत सतनवाड़ा में सीताराम पाल पूर्व अद्यक्ष पाल समाज के नेतृत्व में किया गया, नरवर में इंजी. गोपाल पाल दद्दा, करेरा में युवा अद्यक्ष महेंद्र सिंह बघेल, सिरसौद चौराहे पर पूर्व जनपद अद्यक्ष रामदास पाल, शिक्षक मनोज पाल, पिछोर ब्लॉक अद्यक्ष देवसिंह पाल, राजकुमार पाल ने किया। शिवपुरी में जिलाद्यक्ष एडवोकेट रामस्वरूप बघेल के नेतृव में लवकुश वाटिका में सभी समाज बंधुओं ने राष्ट्रीय अद्यक्ष का स्वागत किया।

## मिहोना पुलिस ने दो किलो गाँजें व एक अधिया के साथ तस्कर को धर दबोचा

### उप निरीक्षक कमलकांत दुबे की अहम भूमिका

**लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे तथा लहार एसडीओपी अवनीश बंसल के नेतृत्व में मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत मिहोना पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी सफलता प्राप्त की है।मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी के मुताबिक आरोपी अपनी बुलेरो क्रमांक एमपी 30 सी 2248 से सरहदी राज्य उत्तरप्रदेश से दो किलो गाँजें की खेप को भिण्ड में खपाने के लिए जाने के




लिए मिहोना सीमा से गुजरने की जुगत में था।लेकिन उसी वक्त मुखबिर के जरिये गुप्त सूचना मिली और रात्रि करीब 10.00 बजे मछण्ड रोड़,महावीर गंज की पुलिया पर चैकिंग पॉइन्ट लगाया गया जहाँ एक सफेद कलर की बुलरो आती दिखी और उसको रोका गया तो आरोपी बुलेरो को भगाने लगा लेकिन बैरीकेट्स लगाकर करीब दो किलो गाँजे व एक अधिया तथा एक जिंदा राउण्ड रखा बरामद किया हुआ, आरोपी से प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि वह उत्तरप्रदेश से गाँजा लाना और भिण्ड में ले जाकर विक्रय करना स्वीकार किया है, फिलहाल अन्य पूछताछ जारी है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुऐ विवेचना जारी कर दी है।स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अनूप चौहान पुत्र शिवबरन सिंह चौहान उम्र 45 वर्ष निवासी महोई थाना माधौगढ़ जिला जालोन हॉल बंथरी को मिहोन पुलिस ने पकडक़र एक बड़ी कार्रवाई की है, आरोपी के विरूद्ध पूर्व में क्या मामले दर्ज थे।और थे तो किन थानों के अंतर्गत हैं,अन्य पुलिसिया पूछताछ जारी है।

## ब्राह्मण महासभा की आज वृहद वैठक का परशुराम छात्रावास पर हुआ आयोजन

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

### संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार ने किया बड़ा फेरबदल

### भगवानदास सेंथिया को सौपी गयी परशुराम क्षात्रवास की जिम्मेदारी, ओर बनाया गया ब्राह्मण महासभा का अध्यक्ष

**भिण्ड ।** जिले में परशुराम क्षात्रवास पर ब्राह्मण समाज की एक वृहद वैठक का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि बतौर दंदरौआ सरकार महामंडलेश्वर श्री श्री1008 रामदास जी महाराज मौजूद रहे, इस अवसर पर सर्व सम्मति से ब्राह्मण महासभा का मुख्य अध्यक्ष भगवान दास बाबा सैंथिया को बनाया गया, ओर वंही ब्राह्मण समाज के विशाल परशुराम क्षात्रवास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ओर अध्यक्ष का दायित्व भी महाराज दंदरौआ सरकार ने बाबा सैंथिया को सौपा गया,वैठक का संचालन भागवताचार्य कुलदीप शास्त्री जी ने किया,सर्व प्रथम महाराज दंदरौआ सरकार



श्री राम दास जी महाराज का सभी बरिष्ठजन ब्राह्मण बंधुओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।नवनियुक्त ब्राह्मण महासभा एवँ परशुराम क्षात्रवास के अध्यक्ष भगवान दास बाबा ने कहा कि महाराज जी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है उसे में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए द्रनसंकल्पित हूँ,इस अवसर पर पूर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा थाने ने ओर सभी ब्राह्मण बंधुओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष बाबा सैंथिया का माल्यार्पण कर करतल ध्वनि से स्वागत किया, और परशुराम छात्रावास की सम्पूर्ण जिम्मेदारी बाबा को सौपी,,इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर पधारे ब्राह्मण महासभा के संरक्षक महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार ने कहा कि बाबा सैंथिया के अध्यक्ष बनने से जिले के समाज के बंधुओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और आगामी समय में परशुराम छात्रावास में ब्राह्मण बच्चों के लिए संस्कृत छात्रावास को खुलवाया जाएगा,ओर एक युवा टीम का गठन भी किया जाएगा,ओर एक ब्राह्मण परशुराम वीर सेना का गठन किया जाएगा और पूरे भिंड जिले की 447 ग्राम पंचायतों ओर तहसील ओर वार्ड स्तर पर ब्राह्मण युवा और बरिष्ठजनो को जोड़ा जाएगा,इसके बाद उक्त वैठक का आभार ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ माधोराम शर्मा जी ने किया,इस अवसर पर श्रीनारायण देपुरिया,अनोखे लाल तिवारी,जगदीश शर्मा, माधोराम शर्मा,कृपाशंकर शर्मा,नमोनारायण दीक्षित,रामप्रकाश शर्मा दाढ़ी,डॉ जगदम्बा प्रसाद,मुन्ना सैंथिया,दशरथ जोशी,महंत ब्रह्मानंद महाराज काथा, अनिल भारद्वाज,मुकेश दीक्षित,विनीत राजोरिया,डॉ आशुतोष मिश्रा,राजेन्द्र शास्त्री,संदीप मिश्रा,भोलाराम उपाध्याय, भारत भारद्वाज ,गणेश भारद्वाज ,डॉ तरुण शर्मा,संजय शर्मा,नीरज गौतम ,नरेंद्र चौधरी एड,राजीव त्रिपाठी, ऋषि थापक,नाथूराम भारद्वाज, एन आर दुवे,राजमणि शर्मा,सत्यनारायण सैंथिया,ब्रजेश चौधरी, मनोज दांतरे,माताप्रसाद पुरोहित,बोनी भारद्वाज, कौशल शर्मा,सोहन तिवारी,नीरज चौबे,गिर्राज शर्मा,मनोज पुरोहित, ब्रजेश दीक्षित,रामकुमार त्रिपाठी,संजय शर्मा,अशोक मिश्रा,अजय मिश्रा,छुटंकी समाधिया,सहित सेकड़ो विप्र बंधुगण उपस्थित रहे।

## सीरवी समाज ट्रस्ट केंगेरी बेंगलुरु दक्षिण वडेर में 15 वा वार्षिक महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर–** सीरवी समाज ट्रस्ट केंगेरी वडेर में 15 वा.वार्षिक सम्मेलन मनाया ।जिसमें गायक कलाकार जीतू बंजारा एवं नीता नायक ने शानदार भजन प्रस्तुत किए और नृत्य कलाकार राहुल राजस्थानी ने शानदार नृत्य किया ।मंच संचालक मनीष मुंडेवा एवं सुरेश जी हाम्बड़ ने शानदार मंच संचालन किया ।सुबह 9ः00 बजे आई माता जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई और शानदार गैर नृत्य किया गया ।इस अवसर पर महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल ने शानदार आयोजन वह व्यवस्था की गई ।अध्यक्ष कन्हैयालाल लचेटा सचिव भंवरलाल गेहलोत, कोषाध्यक्ष ढ़गलाराम काग, और भूतपूर्व अध्यक्ष मंगलाराम हाम्बड़, भूतपूर्व सचिव ढ़गलाराम लचेटा, गेनाराम काग एवं समस्त कार्यकारिणी ने मारवाड़ से पधारे बुजुर्गों का स्वागत किया ।इस अवसर पर समाजसेवी और खेल प्रेमी सुरेश सैंणचा का साफा वह माल्यार्पण पहना कर भव्य स्वागत किया गया ।सुरेश सैंणचा ने समाज को संबोधित किया और कहा कि समाज के लोगों को व्यापार के साथ-साथ अपने परिवार को भी समय देना चाहिए और समाज को एकत्रित होकर महिलाओं एवं बच्चों को अपने हिंदू धर्म के प्रति जागरूक करना चाहिए ।सीरवी समाज क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ था उसमें बीड़दी टीम विजेता रही और उपविजेता टीम केंगेरी-ए रही इस अवसर पर विजेता और उपविजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया गया।बोली लेने वाले दानदाताओं का स्वागत किया गया ।

## दतिया माननीय गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जी ने, मेडिकल कॉलेज नवीन ओपीडी में जिले की पहली ईईजी मशीन, 40 ऑक्सिजन बिस्तरों और कोविड स्किल लैब का किया उद्घाटन



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया ब्रेकिंग**– आज दिनांक 4 फरबरी को मेडिकल कॉलेज की नवीन ओपीडी में जिले की पहली ईईजी मशीन ( इलेक्ट्रोएनसिफलोग्राफी मशीन) का उद्घाटन किया, डीन डॉ दिनेश उदेनिया जी ने मीडिया को बताया कि यह मशीन मिर्गी , नशे के कारण मानसिक रोग, और अन्य मस्तिष्क से संबंधित रोगों के लिए उपयोगी है , अतः इन रोगों के मरीजों को अब जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा । माननीय नरोत्तम मिश्रा जी ने कहा कि 40 ऑक्सीजन बिस्तरों के उद्घाटन के पश्चात अब नवीन ओपीडी में अब 265 बिस्तरों की व्यवस्था हो गयी है । कोविड स्किल लैब के उद्घाटन के समय डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने बताया कि इस लैब में कोविड से संबंधित ट्रेनिंग जी जाएगी। इस दौरान डीन डॉ दिनेश उदेनिया, सी एच एम ओ डॉ आर बी कुरेले, सिविल सर्जन डॉ के सी राठौर , अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह, सह अधीक्षक डॉ सचिन यादव, डॉ हेमंत जैन , डॉ के एन आर्य, डॉ मुकेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज सेवी इत्यादि उपस्थित रहे।

## जतारा एसडीएम सीपी पटेल ने गांव में बनी गौशालाओं में चारा भूसा घास को लेकर की बैठक



**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**जतारा** एसडीएम सी पी पटेल द्वारा ग्राम पंचायतों में बड़ी गौशाला को लेकर एक बैठक की जिसमें ग्राम पंचायतों में बड़ी गौशाला में मवेशियों के खाना पीना चारा भूसा घास आदि की व्यवस्था को लेकर के जतारा पलेरा के सभी उपयंत्रीयो के साथ बैठक ली जिसमें आवश्यक दिशा दिशा निर्देश दिए गए की अपने यहां से जो चारा खास है बो दूसरे शहरों में नही जाना चाहिए जो गौशाला है उनमें चारा भूसा जाना चाहिए इसी को लेकर जतारा एसडीएम सीपी पटेल द्वारा बैठक का आयोजन किया गया

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ली मौं मंडल में जमदारा सक्ति केन्द्र के बूथ क्रमांक 241 की बैठक

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**मौ।** कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष संगठन पर्व पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने ली मौं मंडल में जमदारा सक्ति केन्द्र के बूथ क्रमांक 241 की समीक्षा बैठक। इस बैठक में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह बूथ विस्तारक योजना के मंण्डल प्रभारी मोहन सिंह कुशबाह व जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरबार अनिल भारद्वाज जमदारा सक्ति केन्द्र के बिस्तारक रामजीलाल ऑ़शर्मा एंव आईटीशेल प्रभारी रामकेश गुर्जर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीं आर्य ने कहा भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता को बूथ केंद्रों पर जोड़ना है और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाना है भाजपा जिला पर मजबूत है मंडलों पर मजबूत है पर बूथ केंद्रों पर मजबूत नहीं हो पाती है इसीलिए हर कार्यकर्ता को हर जाति हर धर्म के लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना है। इस बैठक में उपस्थित सज्जन सिंह यादव सुरेंद्र शर्मा सरपंच राजू शर्मा रामर्जाद सिंह यादव मंडल महामंत्री सुल्तान मोर्य मंडल महामंत्री राजू मिश्रा रामू कुशबाह रघुराज जितरबई सोनू शर्मा राम अख्तियार गुर्जर राजेश कुशबाह सोमबीर सिबहरे राजेश शर्मा उदल कुशबाह संतोष यादव मेहबूब खां दीपक यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

आरोपी को फांसी की मांग को लेकर सीरवी समाज ने किया आंदोलन जिला मुख्यालय पर सैकड़ो की तादाद में महिलाएं भी धरने में शामिल हुई ।पिचावा गाँव मे मासुम के साथ जो जघन्य अपराध हुआ दुष्कर्म करके हत्या के विरोध में अखिल भारतीय सिरवी युवा परिषद द्वारा हजारों समाज बन्दू आज पाली में मासूम बच्ची को श्रद्धाजली अर्पित की गई एवं उसके पश्चात पूरे जन सैलाब रैली के रूप में जिलाधिकारी के ऑफिस पहुच कर जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को 9 दुर्गा के रूप में छोटी उम्र की बच्चीयो ने ज्ञापन देकर दरिंदे को जल्दी फाँसी दो की मांग रखी , जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक महोदय ने जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया । समाज के अध्यक्षश्च श्च चौधरी , केसराराम पूर्व विधायक , भवर चौधरी महासचिव , रामलाल सेंणचा ,प्रकाश चौधरी युवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष , हरीश चौधरी , जयेश भायल ,वेणु चौधरी , रमेश करणवा , दिनेश सिवास , सुरेश प चौधरी , आदि उपस्थित थे

### सीरवी समाज का विशाल जनसैलाब

# देश प्रदेश से सैकड़ों सीरवी समाज के युवाओं ने लिया हिस्सा

**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली ।** सीरवी समाज संपूर्ण भारत समाज के आव्हान पर सिरवी छात्रावास पाली में जिले भर के अलग-अलग स्थानों सहित देश प्रदेश के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए। जिला पुलिस प्रशासन सीरवी समाज के विशाल धरना प्रदर्शन की गतिविधि को देखते हुए कलेक्टर परिसर सीरवी छात्रावास भवन सहित विभिन्न मार्गो पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया। पिचावा में सीरवी समाज की 10 वर्षीय नाबालिक मासूम बालिका से दुष्कर्म कर बेरहमी से हत्यारे ने मासूम की हत्या की । हत्याकांड के विरोध में जिले भर के अलग-अलग स्थानों पर कड़ी से कड़ी निंदा की जा रही हैं। अखिल भारतीय सीरवी समाज संपूर्ण भारत के आव्हान पर समाज सहित जिले भर के 36 कोम के लोगों ने जन आक्रोश रैली में हिस्सा लिया। जन आक्रोश रैली में नारी शक्ति का हुनर अलग ही नजर आया।नारी शक्ति के वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में भावुक होकर मासूम बालिका के हत्यारे के विरुद्ध अति शीघ्र प्रशासन से कठोर से कठोर सजा देने की मांग की।

सीरवी छात्रावास भवन में समाज का जनसैलाब विशाल नजारा देखा गया। पंडाल में लोगों को खड़े रहने के लिए जगह नहीं मिली । पंडाल के बाहर बैठने की व्यवस्था करवाई गई।

समाज के जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने उद्बोधन में वर्तमान प्रदेश सरकार का नाम लिए बिना प्रदेश भर में बढ़ते दुष्कर्म हत्या डकैती के मामलों को देखते हुए गहरा दुख जताया बताया गया कि इस प्रकार प्रदेश में दिनोंदिन मामलों में बढ़ोतरी से बहन बेटियों को सुरक्षित रखना पहाड़ जैसासा संकट नजर आ रहा है।अपराधियों में भय नहीं होने से दिनों दिन दुष्कर्म हत्या लूट डकैती हो रही हैं। पिसावा हत्याकांड के विरोध में योगी सरकार का जिक्र किया गया। योगी सरकार में इस तरह घटना को अंजाम देने वाले हत्यारों पर कठोर से कठोर तुरंत कार्रवाई कर खात्मा किया जाता है। जिससे वहां पर अब बहन बेटियां सुरक्षित हैं। सीरवी छात्रावास भवन पाली में जिले सहित देश प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से सीरवी समाज नवयुवक मंडल ने लिया हिस्सा। जन आक्रोश रैली में सीधी समाज सहित 36 कोम का रहा सहयोग। समाज सहित 36 कोम आवाहन कर कहा कि ऐसे हत्यारों को विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में कार्रवाई भेज कर अति शीघ्र कठोर से कठोर सजा दी जाए।सिरवी छात्रावास पाली से कलेक्टर परिसर तक शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर पाली जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन। यह रहे मौजूद। पाली सांसद पीपी चौधरी सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत रानी पंचायत समिति पूर्व प्रधान नवरत्न चौधरी भाजपा नेता लक्ष्मी सीरवी पूर्व सांसद पाली पुष्प जैन भाजपा जिला प्रवक्ता दिलीप चौधरी गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल अखिल भारतीय सीरवी महासभा महासचिव भंवरलाल चौधरी मारवाड़ विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी जेके राठौड़ मारवाड़ पंचायत समिति प्रधान मंगलाराम देवासी मारवाड़ पूर्व विधायक केसाराम चौधरी भाजपा नेता सुनील चौधरी सुरेश चौधरी रामलाल गांधीधाम आदि सहित सीरवी समाज के कई जनप्रतिनिधि समाजसेवी मौजूद रहे



## अजय अवसरे के नेतृत्व में घर चलो, घर- घर चलो कार्यक्रम ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का हौसला



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा घर चलो, घर- घर चलो कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिले की लांजी तहसील में ब्लाक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष अजय अवसरे के नेतृत्व में घर चलो घर-घर चलो कार्यक्रम का संचालन कर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया जा रहा है, वहीं पार्टी को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसि परिपेक्ष्य में क्षेत्र के ग्राम मोहझरी ,बोरिकला ,चिखलामाली, उमरी ,सावरिकला, लाड़सा ग्राम में बूथ कमेटी ,जन समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं के घर घर पहुंच समस्याओं से अवगत हुए। इसमे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवसरें, देवेंद्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष ,यादोराव रावते पूर्व जनपद सदस्य,गोवर्धन घोरमारे ,भुनेश्वर रावते ,पुरुषोत्तम रहांगडाले ,मुरलीधर नखाते,अशोक ठाकरे, ओमकार रहांगडाले,बकाराम देशमुख, जनार रावते, संजय रहांगडाले, अनुसुया जोशी पुर्व जनपद सदस्य, ओमप्रकाश जोशी, बसंत हरिखेड़े, व्यंकट नखाते ,सोनू नखाते,कृष्ण कांत रावते,दयाराम भगत ,मुन्ना लाल भगत ,अरुण भागड़कर, प्रकाश रावते ,सुरेश नाकतोड़े ,मुन्नालाल अवसरें ,जयचंद नखाते ,सोहन नखाते ,विजय नखाते आदि भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

## पवित्र कातरे वीरांगना रानी अवंती बाई कॉलेज के उपाध्यक्ष नियुक्त

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

ओबीसी महासभा बालाघाट जिलाध्यक्ष सौरभ लोधी एवम कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकरे की अनुशंसा पर ओबीसी महासभा ब्लॉक अध्यक्ष वारासिवनी केशरी नंदन नगपुरे द्वारा ओबीसी छात्र मोर्चा खैरलांजी वीरांगना रानी अवंती बाई कॉलेज के उपाध्यक्ष पद पर पवित्र कातरे को नियुक्त किया है संगठन ने पवित्र को संवैधानिक दायरों में रहकर जिले के ओबीसी छात्र छात्राओं के हक़ अधिकारों के लिए सतत सघर्षशील रहेंगे। ओबीसी महासभा परिवार ने हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई दी।



# आमजन व किसान पर महंगाई का बोझ डाल रही है भाजपा सरकार : मान सिंह कुशवाहा





### कांग्रेस पार्टी,किसान हितैषी पार्टी,27 लाख किसानों का कर्ज माफ,भाजपा ने दी किसान आंदोलन में 700 मौते- विधायक मेवाराम जाटव

### कांग्रेस का घर चलो घर-घर चलो अभियान का चौथा दिन सम्पन्न।

**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद(भिण्ड)।** प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर चलाये जा रहे घर चलो घर घर चलो अभियान के चौथे दिन गोहद विधानसभा में माता का पूरा,एनो,सहित गाँव गाँव घर घर अभियान चलाया गया। इस बीच जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा एव गोहद विधायक मेवाराम जाटव मुख्य रूप से अभियान में साथ रहे।जिन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी पीड़ा और मूलभूत चार समस्याओं को सभी ग्रामीणों की सहमति से जाना ओर उन्हें नोट किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने मौजूद किसानो भाइयों से संवाद करते हुए कहा,भारतीय जनता पार्टी एक ओर किसान को सम्मान निधि के रूप में पैसा देकर उन्हें प्रलोभन दे रही है वही दूसरी ओर खाद,कीटनाशक दवाई,पेट्रोल, डीजल,रसोई गैस के टैक्स के द्वारा दाम बढ़ा कर बसूली करने का काम कर रही है दो रुपये देकर टैक्स के माध्यम से दस रुपये वसूल रही है,इसी तरह किसान द्वारा चलाये गए किसान आंदोलन में भी भारतीय जनता पार्टी के कारण सात सौ किसानों ने अपने प्राण की आहुति दी।पर फिर भी उनका तानाशाही रवैया खत्म नही हुआ था, तथा उसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 15 माह में 27 लाख किसानों की कर्जमाफी कर साबित कर दिया था कांग्रेस पार्टी किसान हतैषी पार्टी है।कांग्रेस पार्टी ने ही हर पिछड़े ग्रामों के विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी जिससे गांवों का विकास हो सके,पर भाजापा पार्टी की नाकामी ने गांवों को विकास की मुख्य धारा से तोड़ने का काम किया है सात साल बीत चुके है और वह पंचायती चुनाव कराने में नाकाम साबित हुई है।अभियान में ये भी रहे उपस्थित,आशीष गुर्जर गणेशराम शर्मा, केशव देसाई, राजकुमार देशलेहरा नरोत्तम चौरसिया टोनी मुद्गल, संग्राम सिंह तोमर, डीपी खन्ना ,प्रमोद शुक्ला, राजीव त्रिवेदिया केदार कौशल विजय निगम ,देवेंद्र पाठक रागिनी चौहान,डा शिवचरण जयंत महेश कोसल बालकिशन माहौर,गजेंद्र बंसल,बंटी गुर्जर,रामहेत जाटव गायत्री माहौर मुकेश हिंडोलिया आदि।

## केंद्रीय बजट से कर्मचारियों की उम्मीदों को झटका,पुरानी पेंशन पर सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा थी: रावत

### देश के 70 लाख कर्मचारियों को पेंशन एवं युवाओं को थी रोजगार की उम्मीद

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -- पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र सरकार के कर्मचारियों द्वारा लगातार पुरानी पेंशन के लिए धरना,प्रदर्शन, माननीय प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि देश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन सरकार द्वारा बहाल की जाय, यह कोई हमारी नई मांग नहीं है हमारे पुराने मिले हुए पेंशन के अधिकार को तत्कालीन सरकार द्वारा 2004-5 में छीन लिया गया था उसे पुनः बहाल करवाने हेतु कर्मचारी लामबंद होकर सरकार तक अपनी बात पहुंचाई लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमन द्वारा पेश किए गए बजट से देश के 70 लाख से अधिक कर्मचारी, अधिकारी पुरानी पेंशन पर सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा कर रहे थे लेकिन पुरानी पेंशन पर बजट में कुछ भी नहीं कहा गया द्य युवाओं को उम्मीद थी सरकार इस बजट में निजीकरण को बंद कर रोजगार के अवसर पैदा करेगी लेकिन युवाओं को भी निराशा हाथ लगी टैक्स स्लैब भी नहीं बढ़ाया गया है जिससे टेक्स पेयर और कर्मचारी ठगा सा महसूस कर रहा है महंगाई रोकने कुछ खास नहीं है यह बजट पूंजीवाद को बढ़ावा देने वाला है



# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने हजीरा स्थित हॉकर्स जोन में 30 घंटे से ज्यादा समय बिताकर सुनी सब्जी विक्रेताओं की समस्या





ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंटक मैदान में बने नवीन हॉकर्स जोन में 30 घंटे से ज्यादा समय बिताकर सब्जी विक्रेताओं की समस्याएँ सुनी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने देर शाम चैपाल लगाकर सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को बारी बारी से सुना तथा आज शुक्रवार को पुराने व नवीन सब्जी विक्रेताओं को चबूतरा आवंटन की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। इसके साथ ही सभी चबूतरों पर नम्बरिंग का कार्य स्वयं खडे होकर कराया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रात्रि विश्राम सब्जी मंडी में ही किया उसके बाद आज शुक्रवार को सुबह मंडी में आने वाले सब्जी विक्रेताओं से फिर चर्चा की और कहा कि पुरानी सब्जी मंडी में जितने भी चबूतरे थे, उससे ज्यादा यहां चबूतरे हैं। पहले पुरानी मंडी के सब्जी विक्रेताओं को चबूतरे देने की कार्यवाही की जाएगी। उसके बाद अन्य को चबूतरे व ठेले लगाने की जगह आवंटित की जाएगी। उन्होंने देर शाम चौपाल लगाकर सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को बारी बारी से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को चबूतरा आवंटन व ठेले लगाने वालों की जगह शीघ्र आवंटित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने पुरानी सब्जी मंडी का भी निरीक्षण कर दुकानदारों से चर्चा करते हुए कहा कि आपके लिये कुछ अच्छा ही किया जाएगा आप परेशान न हो किसी के बहकावे में न आयें। उन्होंने यह भी कहा है कि इंटक मैदान में मंडी के समीप ही चाट मार्केट को भी व्यवस्थित स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही मंडी परिसर के चारों ओर ग्रिल लगाकर पृथक-पृथक गेट भी लगाए जाएगें। इसके साथ ही विद्युत व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। मंडी परिसर में प्रवेश द्वार के समीप की स?कों को भी तत्काल बनाया जाए। गेट पर लाईट की व्यवस्था भी बेहतर हो।

# शहर के सभी वार्ड व हर ग्राम पंचायत में सुशासन शिविर लगाएँ : कलेक्टर

## राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



ग्वालियर। शहर के सभी वार्डो और हर ग्राम पंचायत में अगले हफ्ते से ÷सुशासन शिविर÷ लगाए जाएँ। इन शिविरों के माध्यम से नामांतरण व बटवारा प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ स्थानीय निवासियों को दिलवाएँ। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि शिविर आरंभ होने से पहले स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाएँ। इसके बाद शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें।

शुक्रवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रथम चरण के सुशासन शिविर के बाद उसी स्थान पर अगले सात दिन बाद फिर से शिविर लगाकर आवेदनों के निराकरण की सूची प?कर सुनाएँ। साथ ही योजनाओं के तहत हितलाभ वितरण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण अंचल के शिविरों के लिये अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा और शहरी क्षेत्र के शिविरों के लिए अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले को शिविरों का एजेण्डा अर्थात शिविर में मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं का फार्मेट तैयार करने की जवाबदेही सौंपी है। साथ ही सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि हर शिविर के लिये राजस्व, ग्रामीण विकास, कृषि तथा अन्य विभागों के मैदानी शासकीय सेवकों की टीम नियुक्त करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले व श्री एच बी शर्मा सहित जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद थे।

### तहसीलदार अपने मुख्यालय पर रहें

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में जोर देकर कहा कि सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने मुख्यालय पर रहें, जिससे लोगों को अपने काम के लिये भटकना न प?। उन्होंने खासतौर पर भितरवार में पदस्थ तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे अपने मुख्यालय पर ही निवास करें। ग्वालियर से अप एण्ड डाउन करने की प्रवृत्ति कदापि बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री कानूनगो ने अधिकारियों से की चर्चा

ग्वालियर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो गुरूवार को ग्वालियर जिले में एक दिवसीय प्रवास पर रहे। श्री कानूनगो द्वारा स्ट्रीट चिल्ड्रन के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मानक दिशा-निर्देशों के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले में स्ट्रीट चिल्ड्रन के हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर इनका सघन सर्वे कराया जाए। जो भी बच्चे ऐसी परिस्थिति में पाए जाते हैं, उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनका समुचित पुनर्वास कराया जाए। ऐसे बच्चों की जानकारी आयोग के बाल स्वराज पोर्टल पर अनिवार्यत¬ अपलोड की जाए। इन बच्चों व उनके परिवारों को शासन की 34 विभिन्न योजनाओं से जो?ा जाए। यथासंभव ऐसे स्ट्रीट चिल्ड्रन को खुला आश्रय गृह, बाल गृह, शासकीय विद्यालय में प्रवेश कराया जाए। बच्चों को मादक पदार्थों से बचाने के लिये जिला स्तर पर एक संयुक्त कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा अपने कार्य दायित्व पूरे किए जाएं। शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री प्रतिबंध के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाए तथा दवाओं की दुकान पर बच्चों को प्रतिबंधित दवाओं को बेचने पर रोक लगाई जाए। यदि कोई व्यक्ति किसी बच्चे को मादक पदार्थ विक्रय के लिए मजबूर करता है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

# नशीले पदार्थों के सेवन से नई पीढ़ी मानसिक विकृतियों की शिकार :मुनिश्री विहर्ष सागर



ग्वालियर। आजकल युवा पीढ़ी में नशे की लत बढ़ती जा रही है। बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, भांग, चरस, अफीम, शराब आदि इन नशीले पदार्थों के सेवन से नई पीढ़ी मानसिक विकृतियों की शिकार होती जा रही है। नशा मौत है, आज स्वयं की कल परिवार की और परसों राष्ट्र की नशा केवल दुर्दशा ही नहीं करता है। वह जीवन की दिशा को भी विदिशा में परिवर्तित कर देता है, पता है बच्चे क्या खा रहे हैं। आज चुटकी खा रहे, कल चुटकी भर खा रहे हैं। कल चुल्लू भर खाएंगे और आपको सताएंगे। यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने शुक्रवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मोजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि धनलक्ष्मी का प्रतीक और सरस्वती धर्म का प्रतीक है धन तो धोखा दे सकता है लेकिन धर्म कभी किसी को धोखा नहीं देता धर्म तो मौका देता है परमात्मा होने का आपकी आत्मा को जानने और पहचानने का धन दगा है और धर्म सगा है, धर्म धोखा है और धर्म मौका है। धर्म को एक जानने पर जोर देता है, जबकि विज्ञान अनेक को जानने पर जोर देता है।मानव जीवन का लक्ष्य सिर्फ पेट और पेटी भरना नहीं है। परमार्थ और परमात्मा को जानना भी है धर्म व न्याय नीति पूर्वक जीवन से पेट तो भर सकते हैं, लेकिन पेटी नहीं भर सकते। पेटी जब भी भरती है वह धर्म और अन्याय को ताक पर रखकर भरती है।

### मुनिश्री के पदाप्रक्षालन कर धर्मसभा का शुभारंभ किया

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी नीतू दीदी ने मंगल चरण कर किया। समाजजनों ने मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के चरणों का पद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट आशीष नीलम जैन परिवार ने किया। मुनिश्री के चरणों में समिति के विनय कासलीवाल, अनिल जैन, जैन मिलन ग्वालियर के अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन, संजीव जैन, पंकज बाकलीवाल, संजय जैन, मिखिल जैन आदि ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सुविधा देने के लिए ग्वालियर चंबल संभाग की अनूठी पहल

ग्वालियर। ग्वालियर चंबल संभाग के जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की सुविधा के लिए संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना के विशेष प्रयास से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं न्यायपालिका की संयुक्त पहल से एक अनूठा प्रयास प्रारंभ किया गया है। जिसमें समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में प्रथम बार इस प्रकार की पहल कर आम जनों को बीट आधारित समझौता समाधान केंद्र पर विवादों का निराकरण समझौते के आधार पर किया जा रहा है।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना द्वारा प्रारंभ की गई, इस अनूठी एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं न्यायपालिका की संयुक्त पहल के तहत विभिन्न पंचायतों के समूह की एक बीट बनाई गई हैं और प्रत्येक बीट पर एक समाधान केंद्र बनाया गया है। जिसमें प्रत्येक मंगलवार को प्रात¬ 11 से एक बजे तक समाधान केंद्र पर संबंधित पटवारी, पंचायत सचिव, पुलिस आरक्षक एवं कोटवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी बैठ रहे हैं। इस दौरान आपदा प्रबंधन समूह के सदस्यों, जनप्रतिनिधि एवं पक्षकारों की उपस्थिति में समस्या का समाधान समझौते के आधार पर किया जा रहा है। इन समाधान केन्द्रों पर समझौते के आधार पर राजस्व प्रकरण, समझौता योग्य अपराधिक प्रकरण एवं अन्य दीवानी के मामले का समाधान समझौते के आधार पर कराया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के माफिया, अपराधियों व अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी एकत्र की जा रही है। आमजनता को सुशासन के आधार पर पहल कर विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनके निराकरण किए जा रहे हैं।

इस अनोखी समझौते से समाधान योजना के तहत अभी तक लगभग 881 प्रकरणों का समाधान समझौते के आधार पर कर दिया गया है। जिसमें ग्वालियर जिले के 58 प्रकरण, शिवपुरी के 554, गुना के 158, अशोकनगर के 48 एवं दतिया जिले के 63 प्रकरण शामिल हैं। इसके साथ ही इन समाधान केंद्रों पर अभी तक 1422 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनका निराकरण भी समझौते के आधार पर शीघ्र किया जाएगा।

# महाअभिरान के तहत बूथ विस्तारक योजना में कार्यकर्ताओं का किया डिजिटल सत्यापन



ग्वालियर । भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिवंगत नेता कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय बूथ विस्तारक योजना अंतर्गत शुक्रवार को जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के दीनदयाल मंडल के वार्ड-५१ के बूथ क्रमांक-२०१ एवं लक्ष्मीबाई मंडल के वार्ड-०६ के बूथ क्रमांक -१३९ पर महाअभियान के तहत प्रवास कर बूथ समितियों व पन्ना प्रमुखों का गठन, संगठन के कार्यकर्ताओं का डिजटली सत्यापन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, विनोद शर्मा, हरीश मेवाफरोश, बिरजू शिवहरे, चेतन मंडलोई, शिवराम जाटव, महेश खत्री, अरविंद भदौरिया, राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिस निष्ठा और समर्पण भाव से इस अभियान को पूर्ण करने में अपनी ताकत झौंकी है। निश्चित तौर पर भाजपा का संगठन मजबूत और अजेय होकर उभरेगा।

इसके साथ ही महाअभियान के तहत हेमूकालानी मण्डल में भाजपा के वरिश्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा, मधुसूदन भदौरिया, आशीश अग्रवाल, धर्मेंद्र आर्य, लक्ष्मीबाई मण्डल में प्रदेश मंत्री मदन कुशवाह, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, विवेक जोशी, जितेंद्र गुर्जर, भगत सिंह मण्डल में अशोक शर्मा, महेश उमरैया, गिर्राज व्यास, जवाहर प्रजापति, दारा सिंह सेंगर, हरिओम झा, रामकृष्ण मण्डल में डॉ नीतेश शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलिमा शिंदे, उमेश भदौरिया, धर्मेंद्र कुशवाह, डॉ राजेश शर्मा, डॉ. अशोक राजपूत, शिवपाल गुर्जर, परितोश जादौन, सावरकर मण्डल में डॉ. अरविंद राय, जयंत शर्मा, लालजी जादौन, मुलायाम सिंह यादव, ओमप्रकाश शेखावत, जण्डेल गुर्जर, उपेंद्र बैस ने महाअभियान के तहत प्रवास कर बूथ समितियों व पन्ना समितियों का गठन, संगठन के कार्यकर्ताओं का डिजटली सत्यापन किया।

# शहीद रामअवतार लोधी की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता : केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर




## बरौआ की शाला होगी हाईस्कूल और शहीद रामअवतार के नाम पर जाना जायेगा स्कूल: श्री कुशवाह

## शहीद रामअवतार की प्रतिमा का अनावरण

ग्वालियर। देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले ग्वालियर की धरती पर जन्मे और यहाँ की मिट्टी में पले-ब? वीर सपूत शहीद रामअवतार लोधी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण आज ग्वालियर के बरौआ गाँव में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने की। विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर कार्यक्रम में दिल्ली से वर्चुअल शामिल हुए।

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने दिल्ली से वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाले शहीद रामअवतार लोधी पर पूरे देश को गर्व है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार शहीदों के परिवार के साथ ख?ी है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शहीदों के बारे में गंभीरता से सोचा और उनके शव को उनके परिजनों तक सम्मानपूर्वक पहुँचाने और राष्ट्रीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की थी। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहीद रामअवतार लोधी के परिवार को एक करो? रूपए की सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, माता-पिता को 5 ङ्क 5 हजार रूपए की पेंशन, एक प्लॉट सम्मान स्वरूप प्रदान किया है। इसके साथ ही ग्राम बरौआ में शहीद रामअवतार की प्रतिमा लगाने की घोषणा भी की थी, जिसको आज पूर्ण किया गया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ग्राम बरौआ में स्थित स्कूल का उन्नयन की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478